आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 179 | इंदौर, सोमवार 26 जनवरी, 2026 | माघ शुक्ल 8 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व पर दैनिक अवन्तिका परिवार अवकाश पर रहेगा। अतः अगला अंक 28 जनवरी बुधवार को प्रकाशित होगा। - प्र.सं.

## धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण, रोहित शर्मा को पद्मश्री सम्मान

### शिबु सोरेन-अलका याग्निक को पद्म भूषण, 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण सम्मान दिया जाएगा।

झारखंड के पूर्व सीएम दिवंगत नेता शिबु सोरेन और बॉलीवुड सिंगर अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा।

क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हॉकी प्लेयर सविता पूनिया समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री के लिए चुना गया है। इन व्यक्तियों का योगदान स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, आजीविका सृजन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पारंपरिक कला, संस्कृति और विरासत के संरक्षण जैसे क्षेत्रों में रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि सूची में शामिल कई नाम हाशिए पर पड़े समुदायों से जुड़े हैं। इस बार भी पद्म पुरस्कारों में सरकार की ओर से अनसंग हीरोज (गुमनाम नायकों) पर फोकस जारी रहने की उम्मीद है—ऐसे लोग जिनका काम भले ही सुर्खियों में न रहा हो, लेकिन जिनके प्रयासों ने समाज पर गहरा और स्थायी प्रभाव डाला है।

### संभावित पद्म पुरस्कार विजेताओं की सूची

1- अनके गौड़ा
2- आर्मिडा फर्नांडिस
3- भगवानदास रायकर
4- भिकल्या लाडक्या धिंडा
5- बृज लाल भट्ट
6- बुधरी ताती
7- चरण हेम्ब्रम
8- चिरंजी लाल यादव
9- धर्मिकलाल चुनिलाल पांड्या
10- गफरुद्दीन मेवाती जोगी
11- हेली वार
12- इंदरजीत सिंह सिद्धू
13- के. पाजनिवेल
14- कैलाश चंद्र पंत
15- खेमराज सुंदरीयाल
16- कोल्लक्कायिल देवकी अम्मा जी
17- कुमारस्वामी थंगराज



18- महेंद्र कुमार मिश्रा
19- मीर हाजीभाई कासमभाई
20- मोहन नागर
21- नरेश चंद्र देव वर्मा
22- निलेश विनोदचंद्र मंडलेवाला
23- नूरुद्दीन अहमद
24- ओथुवार तिरुथनी स्वामिनाथन
25- पद्मा गुरमेट
26- पोखिला लेखथेपी
27- पुन्नियमूर्ति नटेसन
28- आर. कृष्णन
29- रघुपत सिंह
30- रघुवीर तुकाराम खेडकर
31- राजस्थापति कलिअप्पा गौंडर
32- राम रेड्डी मामिडी
33- रामचंद्र गोडबोले और सुनीता गोडबोले
34- एस. जी. सुषीलम्मा
35- संग्युसांग एस. पोंगेनर
36- शफी शौक
37- श्रीरंग देवाबा लाड
38- श्याम सुंदर
39- सिमांचल पात्रो
40- सुरेश हनगवाड़ी
41- तगा राम भील
42- तेची गुबिन
43- तिरुवारूर भक्तवत्सलम
44- विश्व बंधु
45- युमनाम जात्रा सिंह.

## राम मंदिर को बम से उड़ाने की सूचना

### युवक बोला- मैं हनुमान भक्त, अयोध्या में आधार कार्ड से पहचान हो रही

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में शनिवार रात एक युवक ने राम मंदिर में बम होने की सूचना दी। इससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही अयोध्या पुलिस अलर्ट हो गई और तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। साथ ही राम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था भी और कड़ी कर दी गई है। इसी बीच पुलिस ने कॉल करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया है। इंटेलिजेंस से जुड़े अधिकारी और अयोध्या पुलिस उससे पूछताछ कर रहे हैं। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया- मैं हनुमान भक्त हूं और मुझे सपने में आगे होने वाली घटनाएं दिखाई देती हैं। वहीं, पुलिस स्ट्रीट वेंडरों, पटरी दुकानदारों और ठेले वालों की आधार कार्ड से जांच कर उनकी पहचान कर रही है।

## देश विदेश


### दिग्गज पत्रकार मार्क टुली का 90 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** बीबीसी के पूर्व पत्रकार मार्क टुली का रविवार को निधन हो गया। उन्होंने 90 साल की उम्र में नई दिल्ली में आखिरी सांस ली। बीबीसी में उनके पूर्व सहयोगी सतीश जैकब ने निधन की पुष्टि की है। उन्होंने 30 साल तक बीबीसी में काम किया था और करीब 20 साल दिल्ली ब्यूरो का नेतृत्व किया। मार्क टुली का जन्म 1935 में कोलकाता में हुआ था। उन्होंने जुलाई 1994 में बीबीसी से इस्तीफा दिया था। इसके बाद वे नई दिल्ली से एक स्वतंत्र पत्रकार के रूप में कार्य करने लगे। बीबीसी के पूर्व पत्रकार मार्क टुली को अपने जीवन में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उन्हें 1985 में ऑफिसर ऑफ दी ऑर्डर ऑफ दी ब्रिटिश एम्पायर' बनाया गया।

### कुछ ही मिनटों में फिसल गईं 12 बाइकें 20 से अधिक लोग घायल

**अमरोहा।** जिले में हल्की बारिश ने सड़क को अचानक खतरनाक बना दिया, जिससे कुछ ही मिनटों के भीतर एक के बाद एक कई हादसे हो गए। वेव शुगर मिल के पास स्थित सड़क पर करीब 12 दोपहिया वाहन फिसल गए, जबकि 20 से अधिक लोग मामूली रूप से घायल हो गए। गनीमत यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई और न ही कोई जनहानि हुई, लेकिन घटना ने प्रशासन और मिल प्रबंधन की लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क पर गन्ना मिल का कचरा पहले से जमा था। किसान इस कचरे को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए खेतों तक ले जाते हैं, लेकिन परिवहन के दौरान बड़ी मात्रा में यह अवशेष सड़क पर गिर जाता है।

### विक्रम भट्ट पर धोखाधड़ी का एक और केस दर्ज



फिल्म फाइनेंसर ने 13.5 करोड़ रुपए की ठगी का आरोप लगाया, बेटी कृष्णा भी आरोपी

**मुंबई।** फिल्ममेकर विक्रम भट्ट और उनकी बेटी कृष्णा भट्ट के खिलाफ मुंबई के वर्सोवा पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। पुणे के फिल्म फाइनेंसर शिवराज पृथ्वीराज खावड़े ने आरोप लगाया है कि दोनों ने उनसे 13.5 करोड़ रुपए की ठगी की है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, शिकायत में कहा गया कि विक्रम भट्ट ने साल 2021 में खावड़े को अपने आने वाले फिल्म प्रोजेक्ट्स में निवेश के लिए राजी किया और जल्दी रिटर्न का वादा किया। उन्होंने कुल 13.50 करोड़ रुपए ले लिए, लेकिन तय समय गुजरने के बाद भी न तो पैसा वापस किया गया और न ही कोई मुनाफा दिया गया। इस मामले में वर्सोवा पुलिस स्टेशन में विक्रम भट्ट और कृष्णा भट्ट के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। चूंकि मामला 2021 का है, इसलिए यह केस आईपीसी के तहत दर्ज किया गया है। कृष्णा भट्ट ने साल 2023 में फिल्म 1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट से डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू किया। इसके अलावा उन्होंने माया 2 और सनक जैसी वेब सीरीज का निर्देशन भी किया है। कृष्णा भट्ट ने साल 2023 में फिल्म 1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट से डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू किया।

### तेजस्वी यादव आरजेडी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आरजेडी का राष्ट्रीय कार्यकारी (कार्यवाहक) अध्यक्ष बनाया गया है। पटना के होटल मौर्य में आरजेडी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भोला यादव ने प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी नेताओं ने सहमति जताई। बैठक में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, मीसा भारती, संजय यादव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस बैठक में बिहार चुनाव में मिली हार पर भी चर्चा हुई, जिस पर तेजस्वी ने कहा कि हमें सबकुछ भूलकर आगे बढ़ना है। उन्होंने अपने भाषण के दौरान कहा कि या तो नरेंद्र मोदी के चरण में रहिए या फिर उनसे लड़िए। चाचा जी तो चरण में चले गए हैं, वीडियो सबने देखा होगा, लेकिन हम नहीं झुकेंगे।

### ट्रक-कार में भिड़ंत, राजस्थान के 7 लोगों की गुजरात में मौत

**पाली/पालनपुर।** गुजरात के बनासकांठा जिले की अमीरगढ़ तहसील में आबूरोड-पालनपुर हाइवे नंबर-27 पर इकबालगढ़ के पास शनिवार रात एक मिनी ट्रक और कार के बीच भिड़ंत हो गई। इस भीषण टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर जख्मी हुए हैं। गंभीर घायलों को पालनपुर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक राजस्थान के रहने वाले बताए जा रहे हैं। बनासकांठा पालनपुर कंट्रोलरूम से प्राप्त जानकारी के तहत यह भीषण वाहन दुर्घटना शनिवार रात करीब साढ़े सात से पौने आठ बजे के बीच इकबालगढ़ के पास हाइवे पर हुई। यहां एक मिनी ट्रक ने कार को टक्कर मार दी।

## जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी, हिमाचल में तापमान माइनस 7 डिग्री

# 1300 से ज्यादा रास्ते बंद

### नेशनल हाईवे खुला, यूपी के 20 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

एजेंसी ▶▶ शिमला/श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर की भद्रवाह घाटी में लंबे इंतजार के बाद इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। पटनीटॉप, नथाटॉप, सनासर और बटोटे में भी इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। हिमाचल में बर्फबारी से तापमान और गिर गया है। यहां कुसुमकेरी का तापमान माइनस 7 डिग्री रहा।

हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी के कारण 1291 सड़कें बंद हैं। बर्फ हटाने के लिए 385 मशीनें लगाई हैं। हिमाचल और कश्मीर में 1300 से ज्यादा सड़कों पर से बर्फ हटाने का काम लगातार जारी है। उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट है। मौसम विभाग ने बताया कि



यहां 40-50 किमी/घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। तापमान में 5-6 डिग्री तक की गिरावट आने की संभावना है।

- हरियाणा और पंजाब के कई शहरों में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग ने 25 जनवरी को प्रदेश के 7 जिलों में पाला पड़ने की चेतावनी दी है। वहीं, पंजाब में बठिंडा सबसे ठंडा रहा। यहां का तापमान 0.8 डिग्री रहा।
- रक्षा मंत्रालय के डिफेंस जियोमैट्रिक्स रिसर्च एस्टैबलिशमेंट ने उत्तराखंड में बर्फबारी के कारण पांच जिलों के लिए अगले 24 घंटे में हिमस्खलन का हाई अलर्ट जारी किया है।
- दिल्ली में बारिश के बाद हवा में सुधार हुआ। हालांकि मौसम में बदलाव से सर्दी बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में बादल छाए रहेंगे।


## मन की बात- पीएम ने मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं

# भारत दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 130वें एपिसोड में मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है। लोगों से नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटने की अपील की।

पीएम ने सोशल मीडिया पर चल रहे 2016 की तस्वीरें शेयर करने के ट्रेंड पर बात की। उन्होंने अपनी सरकार के काम पर बात करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम बन चुका है। ये स्टार्टअप लीक से हटके हैं, जिनके बारे में 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी युवा साथियों को सैल्यूट



करता हूं, जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या नया स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं।

पीएम ने भारतीय प्रडोक्ट्स को लेकर कहा कि हम सभी का एक ही मंत्र हो क्वालिटी क्वालिटी और क्वालिटी। इंडियन प्रोडक्ट का मतलब बन जाए क्वालिटी। हम संकल्प लें कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा।

### मतादाता दिवस को लेकर कहा- नए वोटर को बधाई दें

पीएम ने कहा- जैसे हम जन्मदिन मनाते हैं उसी तरह, जब भी कोई युवा पहली बार वोटर बनता है, तो पूरे मोहल्ले, गांव या शहर को एक साथ आकर उसे बधाई देनी चाहिए और मिठाई बांटनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे वोटिंग के बारे में जागरूकता बढ़ेगी और यह भावना मजबूत होगी कि वोटर होना कितना जरूरी है। इससे पहले पीएम ने एक्स पर वोटर्स डे से जुड़ा एक लेटर भी शेयर किया। पीएम ने स्टार्टप इंडिया पर कहा कि एआई, स्पेस, न्यूक्लियर एनर्जी, सेमीकंडक्टर, मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन, बायोटेक्नोलॉजी... आप नाम लीजिए और आपको कोई न कोई भारतीय स्टार्टअप उस सेक्टर में काम करता हुआ मिल जाएगा।

## सिंगरौली में बड़ा हादसा, खदान धंसने से 3 लोगों की मौत



दैनिक अवन्तिका ▶▶ सिंगरौली

मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में सफेद मिट्टी की खदान धंसने से उसमें 5 लोग दब गए, इसमें से तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। दो घायलों को पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाला। हादसा जियावन थाना कुदवार चौकी क्षेत्र में हुआ। घायलों को इलाज के लिए देवसर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया है। खदान में दबे लोग परसोहर और हर्हा गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। सफेद मिट्टी जिसे इलाके में छूही कहा जाता है उसे निकालने के दौरान यह हादसा हो गया। पुलिस को आशंका है कि खदान में कुछ और लोग भी हो सकते हैं। प्रशासन ने इसके लिए रेस्क्यू अभियान चलाया है।

## नोएडा के युवराज को सिस्टम ने मारा सात लोग जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶ नोएडा

नोएडा में 16 जनवरी की रात सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की पानी में डूबने से मौत हो गई थी। शासन की ओर से घटना को लेकर विशेष जांच दल गठित किया गया। एसआईटी ने 22 से ज्यादा सवाल प्राधिकरण समेत तीन विभागों से पूछे।

नोएडा प्राधिकरण ने अपनी 150 पन्नों की, जबकि पुलिस विभाग ने 450 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी है। एसआईटी का सवाल रहा कि रेस्क्यू में 2 घंटे की देरी क्यों हुई? इसका जवाब अधिकारियों को देते नहीं बना। इन रिपोर्ट को लेकर एसआईटी टीम मेरठ रवाना हो गई। सोर्सेज की मानें तो नोएडा में युवराज मेहता की मौत का मामला एक हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम के फेल्योर की तरह सामने आया है। ये फैक्ट पुलिस और नोएडा प्राधिकरण की रिपोर्ट में सामने आ गया है। एसआईटी रिपोर्ट का एनालिसिस करने के बाद इसे सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंपेगी।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू को जिंदा जलाया

### गैराज में सो रहा था, बाहर से आग लगा दी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक और हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या का मामला सामने आया है। 23 साल के चंचल चंद्र भौमिक का जला हुआ शव शुक्रवार रात एक गैराज के अंदर मिला। परिवार ने इसे सोची-समझी हत्या बताया है।

घटना नरसिंदी शहर के पुलिस लाइंस से सटे मस्जिद मार्केट इलाके में हुई। चंचल जिस गैराज में काम करता था, उसी के अंदर उसका शव मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के वक्त चंचल गैराज के अंदर सो रहा था। रात के समय किसी ने बाहर से शटर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। आग तेजी से अंदर फैल गई। इससे पहले 18 दिसंबर 2025 को



मैमनसिंह जिले में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था। उनके शव को पेड़ पर लटकाकर आग लगा दी गई थी। पिछले 40 दिनों 10 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चंचल आग में फंसा रहा और काफी देर तक तड़पता रहा। वह मदद के लिए चीख रहा था, लेकिन बाहर से शटर लॉक था। उसे निकलने का रास्ता नहीं मिला।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# अपने मौलिक कर्तव्य को लेकर कितने सजग हैं हम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व के सबसे बडे गणतंत्र के नागरिक होने पर हम सभी गौरवांवित महसूस करते हैं और संविधान की रक्षा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है। संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार को लेकर तो हर भारतीय काफी सजग है, जागरूक है और कुछ कमी रह जाने पर शासन को कोसना और फिर प्रोटेस्ट करना एक आम बात हमारे देश मे देखने को मिलती है किन्तु क्या भारतीय लोग, भारतीय संविधान मे लिखित अपने मौलिक कर्तव्यों के प्रति भी उतने ही सजग और इमानदार हैं? यह प्रश्न हर भारतीय को आज गणतंत्र दिवस पर स्वयं से पूछना चाहिए और आत्मावलोकन करना चाहिए। यहां हम सिर्फ एक मौलिक कर्तव्य पर ही विचार करें जो आज के परिदृश्य मे सबसे प्रासंगिक है वह है अनुच्छेद 51अ - ँ मे वर्णित पर्यावरण संरक्षण का कर्तव्य। इसके अनुसार हर भारतीय नागरिक को वनों,झीलों,नदियों, वन्यजीवों की रक्षा करना और जीवित प्राणियों के प्रति दया भाव रखना अनिवार्य है। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 277 के तहत सार्वजनिक जलाशयों को दूषित करना दण्डनीय अपराध है। अभी हाल ही मे तेलंगाना राज्य मे 3000 आवारा कुत्तों को वहां की सरकार ने जहरीले इंजेक्शन द्वारा असमय ही मौत दे दी जो क्या संविधान के अनुरूप है।जीवित प्राणियों के प्रति दया भाव का मौलिक कर्तव्य ऐसे समय सिसकियां ले रहा होगा। रही बात नदी और जलाशय की रक्षा करने की तो कितने नागरिक नदी और जलाशय मे नादान लोगों को कचरा डालने से रोकने का साहस रखते हुए अपना मौलिक कर्तव्य निभा रहे हैं ? हमारे शहर के प्राचीन धार्मिक महत्व के सप्त सागर मे से अधिकांश आज गंदगी और कचरे से आप्लावित होकर अपने अस्तित्व के लिए लडते जान पडते हैं। इनमे गोवर्धन सागर सबसे ज्यादा प्रदूषित है और अपनी नैसर्गिक पहचान खो रहा है। विष्णुसागर व नीलगंगा की दशा भी कमोबेश अच्छी नही है। शासन अपने स्तर पर इन जलाशयों के संरक्षण के प्रयास करता है पर जब तक आम जन की जनभागीदारी इन पर्यावरणीय संरक्षण मुहिम मे नहीं होगा नतीजे उत्साहजनक नहीं हो सकते हैं। वर्तमान समय मे यदि हम पर्यावरण को लेकर सजग न हो पाएंगे तो प्रकृति के भयावह रौद्र रूप और पर्यावरणीय विभीषिका को झेलने के लिए तैयार रहें ।

**पं राहुल शुक्ल**

# महाकाल लोक में 488 होमगार्ड सुरक्षा जवान होंगे तैनात

## उज्जैन में मंदिर की सुरक्षा के लिए ईएसबी करेगा भर्ती; जवानों का कहीं और नहीं होगा ट्रांसफर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल लोक और महाकाल महाराज के दर्शन के लिए उमड़ने वाली लाखों की भीड़ को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी अब होमगार्ड के जवानों को मिलेगी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद महाकाल मंदिर के लिए होमगार्ड की 4 विशेष कंपनियों के गठन के प्रस्ताव को राज्य सरकार ने हरी झंडी दे दी है।


होमगार्ड मुख्यालय भोपाल से इनकी भर्ती के लिए आधिकारिक मंजूरी का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा जा चुका है। यह भर्ती राज्य स्तर पर कर्मचारी चयन मंडल के जरिए की जाएगी।

गृह विभाग इन पदों के लिए आधिकारिक विज्ञापन जारी करने के निर्देश कर्मचारी चयन मंडल (एरइ) को देने वाला है।

**जवानों का कहीं और नहीं होगा ट्रांसफर:** होमगार्ड के इस स्पेशल कैडर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन जवानों का ट्रांसफर कहीं और नहीं होगा। ये जवान कॉल ऑफ और कॉल ऑन से मुक्त रहेंगे। होमगार्ड में भर्ती होने वाले ऐसे जवान अपने पूरे सेवाकाल के दौरान केवल महाकाल मंदिर में ही सेवाएं देंगे।

इससे उन्हें मंदिर की भौगोलिक स्थिति और सुरक्षा बारीकियों का विशेषज्ञ बनने में मदद मिलेगी। मामले में होमगार्ड के अफसरों का कहना है कि महाकाल मंदिर के लिए होमगार्ड की चार कंपनियों की भर्ती के लिए मंजूरी मिली हैं। 488 पदों पर एरइ के जरिए भर्ती होगी। गृह विभाग को विज्ञापन जारी करने के लिए पत्र लिखा है।

**हर रोज लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं उज्जैन:** महाकाल लोक बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। यहां हर रोज औसतन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं का आना जाना होता है। इसे देखते हुए यह नई होमगार्ड फोर्स मंदिर परिसर की सुरक्षा के साथ यात्रियों की सहायता के लिए भी मुस्तैद रहेगी।





**आवश्यकता है**
अनुभवी कर्मचारियों की जिसमें अनुभव हो वही संपर्क करें सैलरी 10000 से 15000 प्रति माह
पाल किराना उन्हेल रोड भेरूगढ़
मो. 9907525081

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की
पैकिंग हेतु महिलाओं की
हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
- उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
- 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
- 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
- 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर

मो. 9301388290, 9340903559

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117


**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280



नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर




















# 84 खम्भों वाले मंदिर के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया

## न्यूज-कॉलम



### विद्यार्थियो के मनोबल मे वृद्वि हेतु समाज स्तरीय परीक्षा का आयोजन

**मनावर।** जिला धार।। अखिल भारतीय सिर्वी महासभा व युवा संगठन जिला धार निमाड (कुक्षी, मनावर व गंधवानी) द्वारा विद्यार्थियो के मनोबल मे वृद्वि हेतु हाई स्कुल (कक्षा 10 वी) के स्वजातिय विद्यार्थियो को वार्षिक परीक्षा पूर्व समाज स्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे युवाओ और संगठन पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। तहसील मनावर क्षेत्रवार (सेक्टर वाईस) सेक्टर पर 100 प्रतिशत छात्र छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित कर परीक्षा 25 जनवरी रविवार दोपहर 11.20 बजे से सेक्टर स्थान कुक्षी, डेहरी, कोणदा, सिंघाना, टोकी, बालीपुर, अजंदा और गंधवानी में आयोजित की गई। भारी संख्या में छात्र छात्राओं ने समिल्लित होकर पर्चा हल किया।

### प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार 27 जनवरी को खंडवा आएंगे

**खंडवा ।** प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री श्री इंदर सिंह परमार आगामी 27 जनवरी को खंडवा आएंगे तथा जिले के ओंकारेश्वर का दौरा कर नर्मदा यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री परमार 26 जनवरी को रात्रि 11 बजे कटनी से रेल मार्ग द्वारा रीवा राजकोट एक्सप्रेस से प्रस्थान कर 27 जनवरी को सुबह 6.20 बजे खंडवा आएंगे। मंत्री श्री परमार प्रातः 9 बजे खंडवा के सर्किट हाउस से ओंकारेश्वर के लिए रवाना होंगे और प्रातः 11 बजे से ओंकारेश्वर के नजर निहाल आश्रम में आयोजित नर्मदा यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होकर, दोपहर 2 बजे ओंकारेश्वर से कार द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे ।

### वैष्णवी चौहान की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के हकीमी अस्पताल में वैष्णवी चौहान की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि वैष्णवी को सुबह 9 बजे अस्पताल बुलाया गया था, लेकिन ऑपरेशन का समय 11 बजे से ढाई बजे के बीच बताया गया। इस दौरान डॉ. रेहाना बोहरा जिला अस्पताल में थीं, तो फिर ओटी में ऑपरेशन किसने किया? क्या ऑपरेशन करने वाला डॉक्टर पात्र था। परिजनों ने प्रशासन पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अगर एफआईआर हो जाती, तो नागेश की मौत न होती। वैष्णवी के पति नागेश चौहान की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई, और अब 25 दिन हो चुके हैं, लेकिन सच सामने नहीं आया है। परिजनों ने मांग की है कि ओटी में कौन डॉक्टर था, उसकी पात्रता क्या थी, इसकी जांच हो और एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदेश स्तरीय आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### सांसद विधायक महापौर एवं एवं मंदिर निर्माण सदस्यों एवं ट्रस्टीओ ने किया पूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



बसंत पंचमी के पावन पर्व पर खंडवा की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर में एक नया अध्याय जुड़ गया। श्री दादाजी धूनीवाले महाराज के भव्य संगमरमर के 84 खम्भों वाले मंदिर के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के बीच मंदिर परिसर में जेसीबी का पूजन कर निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। समाजसेवी और प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि दादा दादा जी महाराज के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती के आशीर्वाद से मंदिर निर्माण की लिंथ निर्माण का शुभारंभ सांसद ज्ञानेश्वर पार्टी महापौर अमृता अमर यादव विधायक कंचन मुकेश तनवे मंदिर के वरिष्ठ ट्रस्टी सुभाष नागोरी, धर्मेंद्र बजाज, शांतनु दीक्षित, एवं मंदिर निर्माण समिति के सतीश कोटवाले, तपन डोंगरे, राकेश बंसल द्वारा पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दादाजी भक्त उपस्थित थे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि

जैसे ही निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, परिसर दादाजी महाराज की जयज्ज के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर संसद के अनुसार पाटिल ने कहा कि दादाजी महाराज के आशीर्वाद से वह शुभ दिन आज बसंत पंचमी के दिन आ गया जब मंदिर निर्माण के प्रथम लिंक बनने का कार्य का शुभारंभ हुआ है करने वाले दादाजी मंदिर बनाने वाले दादाजी हैं हम सब निमित्त हैं लक्ष्य है कि जल्दी से ज्यादा दादाजी महाराज का मंदिर बने यही हम सब की भावना है

मंदिर ट्रस्ट के सुभाष नागौरी ने कहा कि मंदिर निर्माण का कार्य आज से प्रारंभ हुआ है मंदिर निर्माण में हम सब ने मेरे को बाहर छोड़ दिया है और हम सब दादाजी की आशीर्वाद से मंदिर बनाने के बनवाने के निमित्त बनाकर सहयोगी बने हैं दादाजी महाराज की इच्छा के अनुसार सभी कार्य संपन्न होंगे ऐसी में प्रभु से कामना करता हूं प्रस्तावित मंदिर संगमरमर के 84 खम्भों पर आधारित होगा, जिसका सनातन धर्म में विशेष आध्यात्मिक महत्व है। यह मंदिर न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि खंडवा को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर भी एक नई पहचान दिलाएगा। महापौर अमृता अमर यादव एवं विधायक कंचन मुकेश तवे ने भी मंदिर निर्माण के शुभारंभ पर दादाजी के चरणों में नमन कर शुभकामनाएं प्रेषित की

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया किच्च्दादाजी धूनीवाले महाराज के भक्तों की वर्षों पुरानी भावना आज साकार हो रही है। यह मंदिर श्रद्धा, सेवा और संस्कारों का केंद्र बनेगा। निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता और भक्तों के सहयोग से चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। भविष्य में भक्तों की संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर में धर्मशाला, ध्यान कक्ष और सत्संग हाल जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके।ज्ज्कार्यक्रम में उपस्थित सांसद ने मंदिर निर्माण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कीच्च्दादाजी धूनीवाले महाराज केवल खंडवा ही नहीं, बल्कि पूरे निमाड़ अंचल की आस्था के केंद्र हैं। इस भव्य मंदिर का निर्माण क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। यह मंदिर सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करेगा। मंदिर निर्माण में मेरी ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।ज्ज्सांसद ने आगे कहा कि ऐसे धार्मिक कार्य समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।आस्था और उत्साह का माहौल शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। वसंत पंचमी के शुभ दिन मंदिर निर्माण की शुरूआत को भक्तों ने अत्यंत मंगलकारी माना।

## दिव्य बालाजी नगर में फहराएगा जिले का सबसे ऊँचा 51 फीट का राष्ट्र की आन बान शान तिरंगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

इंदौर राजमार्ग पर छे गांव माखन में स्थित बालाजी ग्रुप की भव्य कॉलोनी दिव्य बालाजी नगर में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिले का सबसे ऊँचा 51 फीट ऊँचा देश की आन बान और शान राष्ट्रीय ध्वज बड़े ही गौरव और सम्मान के साथ फहराया जाएगा।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि बालाजी ग्रुप के संस्थापक एवं समाजसेवी कॉलोनाइजर रितेश गोयल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर दिव्य बालाजी नगर में भव्य आयोजन के साथ तिरंगा फहराया जाएगा, जो देशभक्ति, एकता और क्षेत्रीय गौरव का प्रतीक बनेगा। सुनील जैन ने बताया कि दिव्य बालाजी नगर बालाजी ग्रुप की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और शानदार कॉलोनी है, जहां भगवान श्री तिरुपति बालाजी की 81 फीट ऊँची भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है। प्रतिमा निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। शीघ्र ही तिरुपति से पाषाण मूर्तियों को लाकर गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। तथा शुभ मुहूर्त में वेद मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान श्री बालजी की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके पश्चात इस पवित्र स्थल को श्री क्षेत्र के रूप में आम जनता के दर्शन एवं पर्यटन हेतु खोल दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र में धार्मिक और पर्यटन गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। बालाजी ग्रुप के मुकेश अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गणतंत्र दिवस के इस गौरवशाली कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और देशभक्ति के इस पर्व को मिलकर हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

## सदभावना मंच ने बसंत पंचमी पर किया आयोजन

**खंडवा।** बसंत पंचमी पर्व उत्साह और उमंग का पर्व है।यह पर्व खुशियां बिखेरता है और जीवन जीने की प्रेरणा देता है।बसंत पंचमी पर समस्त शहर वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं। यह बात सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कही।सद्भावना मंच के सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि माली कुआं स्थित कार्यालय में हुए विशेष आयोजन में उन्होंने कहा कि ज्ञान, कला और संगीत की देवी माँ सरस्वती की विशिष्ट पूजा अर्चना का पावन पर्व बसंत पंचमी सभी के जीवन में नवचेतना, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे। सदस्यों ने परस्पर बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ विनिमय की।इस अवसर पर सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, राधेश्याम शाक्य, त्रिलोक चौधरी,कमल नागपाल,मुरली कोडवानी,योगेश गुजराती, सुनील सोमानी, अर्जुन बुंदेला,ललित चौरे, अनूप शर्मा,सुरेन्द्र गीते,जी डी श्राफ, रामनाथ सराफ,राजेश खांडे,अजय मंडलोई आदि उपस्थित रहे।द्वितीय सत्र में संगीत का कार्यक्रम हुआ,जिसमें मंच सदस्यों ने कराओके पर गीत प्रस्तुत किए।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सभी अधिकारी, कर्मचारियों को शपथ दिलाई



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन स्वीप आईकॉन श्री सुधीर जैन (एडवोकेट एवं समाजसेवी) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में भारत निर्वाचन आयोग के संदेश का वीडियो क्लिप सुना और देखा गया। इसके पश्चात सभाकक्ष में उपस्थित सभी अधिकारी,नवीन मतदाता, कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। साथ ही इस अवसर पर नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरित किए गए। साथ ही जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों के बी.एल.ओ./बी.एल.ओ. सुपरवाइजर एवं स्वीप गतिविधियों में सहभागी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री तपिश पाण्डे, निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री सरदार सिंह चौहान,नायब तहसीलदार मामून खान, श्रीमती मंजु डावर, सुश्री सरिता बालेचा, लेखापाल श्री जुवानसिंह चौहान, बी.एल.ओ., सुपरवाइजर सहित निर्वाचन से संबंधित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मां नर्मदा जी के पावन तट पर श्रद्धा और आस्था के साथ प्राकट्यत्सव मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



मां नर्मदा जी के पावन प्राकट्यत्सव के अवसर पर नर्मदा तट पूरी तरह श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया। इस पावन पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा जी में आस्था की डुबकी लगाई और मां को चुनरी अर्पित कर पूजा-अर्चना की। सुबह से ही नर्मदा तट के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने स्नान कर पूजा-पाठ किया, दान-पुण्य किया और मां नर्मदा से सुख-समृद्धि की कामना की।

प्राकट्यत्सव के अवसर पर ढोल-ताशों की गूंज के साथ मां नर्मदा जी का भव्य पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधिवत आरती कर मां को चुनरी ओढ़ाई। लगभग 10 से 12 श्रद्धालु समूहों द्वारा मां नर्मदा जी को चुनरी अर्पित की गई। इस दौरान नर्मदाष्टक का पाठ किया गया और पूरे वातावरण में च्च्जय मां नर्मदाज्ज नर्मदे हर " के जयघोष गूंजते रहे। दिनभर घाटों पर भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। रत्नेश्वर महादेव मंदिर के नीचे स्थित दक्षिणी घाट, ब्राह्मण घाट पर विगत 17 वर्षों से विशाल सार्वजनिक भंडारे का आयोजन किया जा रहा है इसके अलावा श्रीराम घाट पर अग्रवाल परिवार द्वारा विगत 45 वर्षों से भंडारा किया जा रहा है नए घाट पर ग्राम चोली वालों द्वारा यह 23 वा वर्ष भंडारे का है लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी रूप में भोजन ग्रहण किया।

भंडारों में सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया। शाम 4 बजे मां नर्मदा "आप और हम" समिति द्वारा मां नर्मदा जी की मूर्ति पालकी में बैठाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभा यात्रा ढोल ताशे के साथ निकली गई शोभा यात्रा श्रीराम घाट से वाचनालय ,स्कूल ग्राउंड, बस स्टैंड से मुख्य बाजार से घंटाघर चौक होते हुए वापस श्रीराम घाट पर समापन किया गया। शाम 6 बजे से श्रीराम घाट पर भव्य निर्झरणी महोत्सव का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक गायक प्रवीण चौबे (निमाड़ी लोक गायन) द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं भोपाल से आईं वाणी राव ने अपने सुमधुर भक्ति गायन से भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। इंदौर की दीपिका सिंह द्वारा प्रस्तुत मां नर्मदा केंद्रित नृत्य नाटिका ने श्रद्धालुओं को मां नर्मदा की महिमा से रूबरू कराया।मां नर्मदा प्राकट्यत्सव के इस पावन आयोजन ने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति, सेवा और एकता का संदेश दिया।

## सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना' की सफलता से अन्य राज्यों में भी क्रियान्वयन की संभावना




'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा संचालित 'महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना' की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों में भी इसी तर्ज पर लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दिल्ली और भोपाल से आए अधिकारियों ने बुरहानपुर में परियोजना का भौतिक सत्यापन किया और पर्यटन सखियों से मुलाकात की।

इस परियोजना का उद्देश्य पर्यटन स्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का है, जिसमें स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण देकर पर्यटन गाइड, इको फ्रेंडली उत्पाद निर्माण एवं अन्य संबंधित गतिविधियों में शामिल किया जा रहा है। अधिकारी श्री स्वर्णेंदु गांगुली ने कहा कि बुरहानपुर में इस परियोजना के तहत महिलाओं की भागीदारी एवं उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारी कार्य प्रभावशाली हैं।

उन्होंने बताया कि दिल्ली से प्राप्त फीडबैक के आधार पर इस मॉडल को अन्य राज्यों में लागू करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा मिल सके। श्री अलोक चौबे ने भी परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि भोपाल से संचालित निगरानी में बुरहानपुर का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि पर्यटन को भी नई दिशा दे रहे हैं।

## 26 जनवरी की होगी लायन्स प्रांतीय कार्यशाला

**खण्डवा।** लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के गवर्नर लायन अनिल खण्डेलवाल प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयप्रकाश त्रिपाठी, द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राम जाट,कार्यशाला के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर लायन मनिन्दर सिंघ चंडोक पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व समन्वयक,रणवीर सिंघ चावला, निर्मल जैन व डॉ ईश्वर लाल मूंदड़ा के नेतृत्व में लायन्स डिस्ट्रिक्ट (प्रान्त)स्तरीय लीडरशिप कार्यशाला का आयोजन लायन्स ऑफ खण्डवा द्वारा 26 जनवरी को खण्डवा के श्री दादाजी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित होने जा रहा है।जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक नारायण बाहेती ने बताया कि आयोजित डीएलएलआई में लायन्स प्रान्त के सदस्य प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।लायन्स क्लब खण्डवा, लायन्स क्लब खण्डवा आनंद व लायन्स क्लब खण्डवा ओजस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला के लिए मीटिंग में लिए निर्णय अनुसार कार्यक्रम समन्वयक रणवीर सिंघ चावला कार्यक्रम संयोजक नारायण बाहेती, सह संयोजक संजय गंगराड़े व संजना खत्री सहित २० सदस्यों की आयोजन समिति गठित की गई। रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा ,प्रेरणा दुबे क्लब्स अध्यक्ष आशा उपाध्याय, हरजीत सिंघ खरबंदा,रजनी शर्मा,सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल ,गुरजीत सिंघ चावला, लिट्टी मैथ्यू,कोषाध्यक्ष पवन लाड़,सुनील गुप्ता,इंद्रजीत कौर के साथ ही गुरमीत सिंघ उबेजा, पवन दीक्षित, आयोजन समिति सदस्य के रूप में आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेंगे।



### महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ की बारात को लेकर बैठक आयोजित

**बुरहानपुर।** ब्रह्मपुर नगर की हिंदू युवा टोली ने गणपति महाराज की आराधना कर भोलेनाथ की बारात का आरंभ किया। 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ब्रह्मपुर में निकलने वाली भव्य भोले की बारात को लेकर आज प्रथम बैठक बड़ा गणपति मंदिर गणपति नाका पर हुई। 15 फरवरी रविवार महाशिवरात्रि पर परंपरा अनुसार भव्य भोले की बारात बड़ा गणपति मंदिर से नागेश्वर शिव मंदिर महाजनापेठ पर पहुंचकर शिव पार्वती विवाह संपन्न होगा। आप सभी ब्रह्मपुर जिले का शक्ल हिंदू समाज इस भव्य भोलेनाथ की बारात में सम्मिलित होकर धर्म कार्य में अपना योगदान दे बुरहानपुर को बनाएंगे ब्रह्मापुर। 2017 से परंपरा अनुसार यह भव्य बोल की बारात निकल रही है। भोलेनाथ की बारात शिवरात्रि है इसलिए निकल रही है और इसमें विचार है अखंड भारत का भारत अखंड हो और बुरहानपुर ब्रह्मपुर बने। आज की इस बैठक में युवा टोली में उपस्थित भोले की बारात के मार्गदर्शक अमित वारुडे, जयेश पासी, अंकित पासी, सुनील महाजन, राहुल पटेल, सूरज गोहिल, शेरू यादव, स्वप्निल धगे, सोपान महाजन, नीरज महाजन, सुशील चौधरी, सुमित नवग्रहे, यश वाघ अन्य सैकड़ो युवा उपस्थित थे।

## निमाड़ के दो परिवार 500 सालों से निभा रहे हैं माता के भ्रमण की यह परंपरा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

आमतौर पर भक्त मंदिर में जाकर देवी देवताओं के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लेते हैं लेकिन निमाड़ की एक देवी अर्थात धज माता एक ऐसी लोक देवी है जो प्रतिवर्ष माघ माह में खड़कपुरा खंडवा स्थित अपनी ठान से निकलकर 365 गांवों में पहुंचती है।जहां ग्राम के मुखिया ,जमीदार एवं सभी समाज के परिवारों में देवी की पूजा की जाती है ।

इस दौरान ढाक एवं सिंगाड बजाकर भगत विशेष नृत्य और गायन के माध्यम से कथा सुनाते हैं जिसमें नैतिक शिक्षा का पाठ भी होता है। यह परंपरा पिछले पांच सौ सालों से निरंतर जारी है।आजादी के पहले बाकायदा राजाओं के संरक्षण में इस पूजा के बदले जमींदारों और माल गुजारो को लगान में छूट भी प्रदान की जाती थी। उक्त जानकारी धज माता के अनन्य उपासक और पीढ़ी दर पीढ़ी से निरंतर माता का श्रृंगार कर उन्हें अपने कंधों पर धारण कर भ्रमण कराने वाले ग्राम खेड़ीकित्ता के कमल कनाडे ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि माता की उत्पत्ति पहले पहल शहर के मंडलोई परिवार में हुई थी ।जहां वर्षों तक उनकी ठान रही। और तब से ही ग्राम नागचूंन और ग्राम पांझरिया के कनाडे जो माता के ठवड़्या कहलाते हैं और नृतक भगत कहलाते हैं उनकी विशेष वेशभूषा होती हैं वहीं सिंगाड सिंगी बाजा बजाते हुए गांव में माता के आने की सूचना देते हैं।

माता का श्रृंगार माघ माह में विशेष मुहूर्त देखकर किया जाता है।इस अवसर पर भारुंड पटेल परिवार खड़कपुरा में स्थित माता की ठान पर ठवल्या और भगत पहुंचकर सौ मीटर कपड़े से माता का श्रृंगार करते हैं और गंगा जल से स्नान और हल्दी का लेप कर कंकू चावल से माता की पूजा करते हैं।उस दिन से शिवरात्री तक माता का भ्रमण या 365 गांवों का फेरा आरंभ होता है और शिवरात्री पर बड़ा महादेव पचमढ़ी अथवा गुप्तेश्वर महादेव चारुआ पहुंचकर माता की यह यात्रा पूर्ण होती है।श्री कमल कनाडे ने बताया कि शुरूआत में माता की ठान मंडलोई परिवार में थी बाद में भारुंड पटेल परिवार में ठान बनी और तब से यह परंपरा निरन्तर जारी है वर्ष मे लगभग एक माह की यात्रा होती है शेष महीनों में माता अपनी ठान पर स्थित रहती है।इस दौरान श्रृंगार उतार दिया जाता है। एक वर्ष नागचूंन और एक वर्ष पंझारिया के ठवड़्या माता को भ्रमण कराते हैं।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस के फायनल रिहर्सल परेड का किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम खंडवा में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के पूर्व गणतंत्र दिवस परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का फाइनल रिहर्सल किया गया। रिहर्सल परेड मे मुख्य अतिथि के रूप मे एडीएम श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा रहीं। साथ ही कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता तथा पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा फाइनल रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रीय सलामी हुई। मुख्य अतिथि द्वारा निरीक्षण वाहन से पृथक-पृथक प्लाटूनों का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात हर्ष फायर की कार्यवाही की गई। इसके पश्चात फाइनल रिहर्सल परेड निकाली गई।

गणतंत्र दिवस फाइनल रिहर्सल परेड में सम्मिलित परेड कमांडर सूबेदार धरम सिंह जामोद, टूआईसी सूबेदार धर्मेन्द्र सिंह गौर ने रिहर्सल परेड को कमांड किया। परेड में सशस्त्र बल के जवानों के साथ जिला पुलिस बल, होम गार्ड, महिला बल, एनसीसी जूनियर व सीनियर, स्काउट एंड गाइड एवं रेड क्रॉस सहित कुल 11 प्लाटून शामिल रहे। सभी परेड कमांडरों का परिचय मुख्य अतिथि द्वारा प्राप्त किया गया। परेड पुलिस बैंड प्लाटून की मधुर धुन में सम्पन्न हुई।

शहर के प्रमुख शासकीय व अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा परेड कमांडर, समस्त प्लाटून कमांडरों एवं परेड में उपस्थित बल को निर्धारित साफ सुथरी गणवेश, पंक्तिबद्ध मार्च, कमांड व हर्ष फायरिंग हेतु दिशा निर्देश दिए गए। फाइनल रिहर्सल परेड के कार्यक्रम मे श्री डॉ.नागार्जुन बी. गौड़ा ष्टश्वह्र जिला पंचायत खंडवा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री महेंद्र तारणेकर, एडीएम श्री के.आर. बडौले अपर कलेक्टर खंडवा, नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत, प्रशिक्षु आईपीएस श्री अमित कुमार, एसडीएम श्री बजरंग बहादुर, नगर पुलिस पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव कुमार बारंगे एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री अनिल कुमार राय शहर के थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# अशफाउल्ला खान की मां ने इस तरह ली देशभक्ति की परीक्षा



बात उस समय की है, जब भारत स्वतंत्र नहीं हुआ था। एक बालक के अंदर देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। वह उन लोगों की बराबर मदद करता था, जो आजादी के दीवाने थे और गुलामी की जंजीरें तोड़ने के लिए जी-जान से जुटे थे। उसकी मां ने अपने बेटे को देशभक्ति के रंग में रंगे देखा तो उसे बड़ी खुशी हुई। पर मां के मन में यह डर भी था कि कहीं वह पुलिस के हाथों पकड़े जाने पर घबरा न जाए और उन लोगों के नाम-पते न बता दे, जो छिपकर काम कर रहे थे। एक दिन मां ने लड़के को अपना डर बताया तो उसने बड़ी दृढ़ता से कहा, मां, तुम बेफिक्र रहो। मैं घबराऊंगा नहीं। बालक फिर भी बालक था। मां को उसकी बात पर विश्वास नहीं हुआ। बोली, मैं तेरा इम्तहान लूंगी। इसके बाद मां ने एक दीया जलाया और कहा, इस पर अपनी हथेली रख दे। लड़का एक क्षण के लिए भी नहीं झिझका। उसने फौरन अपनी हथेली बत्ती की लौ के ऊपर कर दी। हथेली जलती रही, पर उस लड़के के मुंह से उफ तक नहीं निकली। वह लगातार मुस्कराता रहा। बालक का हौसला देखकर मां का जी भर आया। उसने उसे सीने से लगा लिया और दिल खोलकर आशीर्वाद दिया।

अब वह लड़का अपने काम में दोगुने उत्साह से जुट गया। आगे चलकर यही लड़का भारत का महान क्रांतिकारी अशफाउल्ला बना। पकड़े जाने के बाद काकोरी षड्यंत्र केस में अशफाक को फांसी की सजा मिली। मगर यह सजा भी उसके बुलंद हौसलों को कम नहीं कर सकी। जब उसके गले में फांसी का फंदा डाला जा रहा था, तब वह इतना प्रसन्न था मानो उसके जीवन की सबसे बड़ी इच्छा पूरी हो रही हो। वह हंसते हुए गाता था, हे मातृभूमि, तेरी सेवा किया करूंगा, फांसी मिले मुझे या हो जन्मकैद मेरी, बेड़ी बजा-बजाकर तेरा भजन किया करूंगा।



**सम्पादकीय**

## भोजशाला से उठे सवाल ?

मध्य प्रदेश के शहर धार में बसन्त पंचमी का त्यौहार शान्तिपूर्वक निपट गया हालांकि इसके लिए राज्य प्रशासन को पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में बदलना पड़ा और चप्पे-चप्पे पर पुलिस पहरा लगाना पड़ा। शहर में स्थित महान राजा भोज द्वारा 11वीं शताब्दी के शुरू में बनाई गई भोजशाला पर चल रहे विवाद को लेकर यह सब करना पड़ा जिस पर 14वीं सदी में मुस्लिम आक्रान्ता अलाऊद्दीन खिलजी ने आक्रमण किया था और इसे मस्जिद में बदलने का दुस्साहस किया था। भोजशाला में विद्या की देवी सरस्वती का मन्दिर बताया जाता है जिस पर हिन्दुओं की अटूट आस्था है और हर बसन्त पंचमी को वे भोजशाला में वाग्देवी की पूजा-अर्चना करते हैं परन्तु मुस्लिम समाज ने इसे कमाल मौला मस्जिद का नाम दे डाला और यहां हर शुक्रवार को नमाज अदा करनी शुरू की। यह परिपाठी कब शुरू हुई इस बारे में ठोस ऐतिहासिक तथ्यों का अभाव है मगर माना जाता है कि मुस्लिम साम्राज्य में ही यह काम शुरू हुआ होगा। भोजशाला परिसर का प्रबन्धन राष्ट्रीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अन्तर्गत है अतः यह इमारत भारत के सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व को दशार्ती है। इस परिसर में हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियों के अवशेष विद्यमान हैं और उनके प्रतीक चिन्ह भी इमारत पर अंकित हैं जो गवाही देते हैं कि यह मूल रूप से हिन्दू देवस्थान ही था। भोजशाला का मामला सबसे पहले मध्य प्रदेश की मुख्यमन्त्री रहीं भाजपा नेता साध्वी उमा भारती ने उठाया था और इसे हिन्दुओं को सौंपने का आह्वान किया था। मगर मामला न्यायालय में गया और वहां से समय-समय पर इस स्थान पर पूजा-अर्चना व नमाज अदा करने को लेकर निर्देश आते रहे जिनका अक्षरशः पालन भी होता रहा। मूल सवाल यह है कि भारत में मुस्लिम शासन के दौरान हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों पर जिस तरह कब्जा किया गया और उन्हें मुस्लिम धर्म स्थानों में परिवर्तित करने का प्रयास किया गया, उसका समाधान हम स्वतन्त्र भारत में मुस्लिमों के लिए प्रथक राष्ट्र पाकिस्तान बन जाने के बाद किस प्रकार निकालें? बेशक हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग नहीं खोजा जा सकता है मगर जो धर्म स्थान स्पष्ट रूप से अपने हिन्दू देवस्थान होने की गवाही दे रहे हैं उनके बारे में तो गंभीरता पूर्वक विचार करना ही होगा जिससे इस देश में साम्प्रदायिक सौहार्द व हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा हर कीमत पर बना रहे।

**इतिहास के पन्नों से-**

# भारत में गणतंत्र की ढाई हजार वर्ष पुरानी परंपरा



संदीप सृजन
(दैनिक अवन्तिका)

आधुनिक भारत ने 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र व्यवस्था को स्वीकार कर अपने नीति नियम का लिखित कानून संविधान के रूप में लागू किया, लेकिन भारत को दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक माना जाता है, और इसका राजनीतिक इतिहास भी उतना ही समृद्धता और विविधता लिए हुए है। भारत में गणतंत्र की अवधारणा ढाई हजार वर्ष से अधिक पुरानी है। यह दावा केवल एक कथन नहीं, बल्कि ऐतिहासिक साक्ष्यों पर आधारित है, जो प्राचीन वैदिक काल से लेकर महाजनपद युग तक फैला हुआ है। गणतंत्र, या रिपब्लिक, का अर्थ है ऐसी शासन व्यवस्था जहां सत्ता जनता के प्रतिनिधियों या सामूहिक निर्णय पर आधारित होती है, न कि किसी एक राजा या वंशानुगत शासक पर। भले ही आधुनिक भारत 1950 में गणतंत्रीय बना, लेकिन इसकी जड़ें प्राचीन भारत के गणसंघों में गहरी पैठी हुई हैं।

भारत में गणतंत्र का इतिहास लगभग 600 ईसा पूर्व से शुरू होता है, जब उत्तरी भारत में कई गणराज्य फल-फूल रहे थे। इनमें शाक्य, लिच्छिवी, मल्ल और वज्जी जैसे गणराज्य शामिल थे, जहां निर्णय सामूहिक सभाओं में लिए जाते थे। यह परंपरा वैदिक काल की सभा और समिति से प्रेरित थी, और बौद्ध तथा जैन ग्रंथों में इसका विस्तृत वर्णन मिलता है। भारत का इतिहास वैदिक काल से शुरू होता है, इस काल में समाज में मुख्य रूप से शासन व्यवस्था में सभा और समिति जैसी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थीं। ऋग्वेद, सबसे प्राचीन वैदिक ग्रंथ, में सभा का उल्लेख है जहां जनता के प्रतिनिधि मिलकर निर्णय लेते थे। सभा एक प्रकार की लोक सभा थी, जहां योद्धा, पुरोहित और आम लोग शामिल होते थे, जबकि समिति अधिक औपचारिक थी और राजा को सलाह देती थी। यह व्यवस्था पूर्ण रूप से गणतांत्रिक नहीं थी, क्योंकि राजा अभी भी प्रमुख होता था, लेकिन वह निरंकुश नहीं था। राजा का चयन कभी-कभी चुनाव से होता था, और सभा उसके निर्णयों को प्रभावित कर सकती थी। इतिहासकार रोमिला थापर के अनुसार, वैदिक काल में ये संस्थाएं प्रारंभिक लोकतांत्रिक तत्वों का संकेत देती हैं। इस काल में गण और संघ की अवधारणा विकसित हुई, जो बाद में पूर्ण गणराज्यों का आधार बनी। उदाहरण के लिए, कुरु और पांचाल जैसे जनपदों में राजा के साथ-साथ सामूहिक शासन के प्रमाण मिलते हैं।

वैदिक काल के अंत तक, लगभग 600 ईसा पूर्व, उत्तरी भारत में 16 महाजनपद उभरे, जिनमें से कई गणतंत्र थे। जो बताते है कि गणतंत्र की परंपरा ढाई हजार वर्ष पुरानी है। महाजनपद काल (600-300 ईसा पूर्व) भारत में गणतंत्र के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण अध्याय है। इस युग में गंगा घाटी और उत्तर-पश्चिमी भारत में 16 बड़े राज्य थे, जिन्हें महाजनपद कहा जाता था। इनमें से कुछ राजतंत्र थे, जैसे मगध और कोसल, लेकिन कई गणराज्य थे, जहां शासन कुलीनों या जनता के प्रतिनिधियों द्वारा चलाया जाता था। इन गणराज्यों को गणसंघ या गणराज्य कहा जाता था, और इनमें निर्णय सभा में बहुमत से लिए जाते थे। जैसे शाक्य गणराज्य, जहां गौतम बुद्ध का जन्म हुआ, एक प्रमुख गणराज्य था। यहां शासन सभा द्वारा होता था, जिसमें कुलीन परिवारों के प्रतिनिधि शामिल होते थे। इसी प्रकार, लिच्छिवी गणराज्य (वज्जी संघ का हिस्सा) में राजकुमारों की सभा थी, जो निर्णय लेती थी। बौद्ध ग्रंथों जैसे 'महापरिनिब्बान सुत्त' में इन सभाओं का वर्णन है, जहां चर्चा, बहस और मतदान के माध्यम से नीतियां बनाई जाती थीं। जैन ग्रंथों में भी मल्ल और कोलिया जैसे गणराज्यों का उल्लेख है। ये गणराज्य मुख्य रूप से पहाड़ी या सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित थे, जहां केंद्रीकृत राजतंत्र स्थापित करना कठिन था। इतिहासकारों के अनुसार, ये गणराज्य लोकतांत्रिक थे, क्योंकि वे कुलीनों के संघ पर आधारित थे, न कि वंशानुगत राजा पर। हालांकि, ये पूर्ण लोकतांत्रिक नहीं थे, क्योंकि मताधिकार सीमित था, मुख्य रूप से योद्धा वर्ग या कुलीनों तक। फिर भी, ये प्राचीन विश्व में भूमध्यसागरीय गणराज्यों के समानांतर थे।

मौर्य साम्राज्य (321-185 ईसा पूर्व) भारत का पहला बड़ा साम्राज्य था, जिसकी स्थापना चंद्रगुप्त मौर्य ने की। यह राजतंत्र था, लेकिन गणतंत्र की परंपरा का प्रभाव स्पष्ट था। कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में गणसंघों का उल्लेख है, और यह सलाह दी गई है कि राजा को इनसे सतर्क रहना चाहिए। अशोक के शिलालेखों में भी प्रजा की भागीदारी का महत्व बताया गया है। मौर्य काल के बाद, शुंग और कुषाण जैसे साम्राज्यों में गणतंत्र की छाप दिखती है। समुद्रगुप्त के इलाहाबाद स्तंभ लेख में गणराज्यों का उल्लेख है, गुप्त काल को भारत का स्वर्ण युग कहा जाता है, जहां विकेंद्रीकृत शासन था, और स्थानीय सभाएं निर्णय लेती थीं। मध्यकाल में भारत में कई क्षेत्रीय राज्य उभरे, जैसे चोल, पल्लव और चालुक्य। दक्षिण भारत में उथिरमेरुर जैसे गांवों में स्थानीय सभाएं थीं, जहां चुनाव से प्रतिनिधि चुने जाते थे। यह प्राचीन गणतंत्र की निरंतरता दशार्ता है। मुस्लिम आक्रमणों के बाद, दिल्ली सल्तनत और मुगल साम्राज्य में केंद्रीकृत शासन था, लेकिन ग्रामीण स्तर पर पंचायतें गणतांत्रिक थीं। विजयनगर साम्राज्य में भी स्थानीय संघों का महत्व था। हालांकि, इस काल में गणतंत्र कमजोर हुए, लेकिन वे पूरी तरह समाप्त नहीं हुए।

औपनिवेशिक काल में ब्रिटिश शासन ने भारत को एकजुट किया, लेकिन स्वतंत्रता संग्राम में गणतंत्र की मांग प्रमुख थी जो प्राचीन गणराज्यों से प्रेरित थी। 1947 में स्वतंत्रता मिली, लेकिन 1950 में संविधान लागू होने के साथ भारत गणतंत्र बना। डॉ. अंबेडकर की अध्यक्षता में 299 सदस्यों वाली संविधान सभा ने सामूहिक बौद्धिक मंथन करके आधुनिक भारत का संविधान तैयार किया। आज का भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां चुनाव, संसद और न्यायपालिका गणतंत्र की आधारशिला हैं। प्राचीन गणसंघों की विरासत आज भी जीवित है, जैसे पंचायती राज में। भारत में गणतंत्र का इतिहास वास्तव में ढाई हजार वर्ष पुराना है, जो वैदिक सभाओं से शुरू होकर आधुनिक लोकतंत्र तक फैला है। यह इतिहास हमें सिखाता है कि लोकतंत्र कोई आयातित अवधारणा नहीं, बल्कि हमारी अपनी मिट्टी से उपजी है। हालांकि चुनौतियां हैं, जैसे असमानता और भ्रष्टाचार, लेकिन प्राचीन परंपरा हमें मजबूत बनाती है। इस विरासत को संरक्षित रखना हमारा दायित्व है।

## शिक्षा का 'डिग्री' मेला

'अक्षर-गंज' गाँव के उस प्राथमिक विद्यालय की दीवारें इतनी अनुभवी थीं कि उन्होंने भारत की आजादी के बाद से अब तक के सारे झूठ अपनी दरारों में संजो कर रखे थे। 24 जनवरी की सुबह थी, यानी 'अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस'। विद्यालय के मुख्य द्वार पर मास्टर घमंडी लाल अपनी खाकी वर्दी को ऐसे स्त्री करवा कर खड़े थे जैसे वे आज ही अज्ञानता के राक्षस का वध कर देंगे। उनके हाथ में एक 'डिजिटल इंडिया' का पोस्टर था, जिसे पकड़ने के लिए उन्हें उस दीवार का सहारा लेना पड़ रहा था जो खुद 'एनालॉग' युग में ही ढहने को बेताब थी। तभी वहां सुखबीर 'सिग्नल', जिनके पास ज्ञान तो कम था पर 'नेटवर्क' इतना था कि वे तहसील में बैठे-बैठे बादलों की चाल बता देते थे। सुखबीर ने हुक्के की नली मास्टर की ओर बढ़ाते हुए कहा, ₹यो के तमाशा मांड राख्या है मास्टर? स्कूल की छत पै तो कौवे भी बैठने ते डरें हैं कि कदे लेंटर पाताल में ना मिल जावे, और तू 'इंटरनेशनल' पढ़ाई की बात करै है? भाई, यो शिक्षा दिवस तो मने ऐसा लागै है जैसे किसी गंज के सिर पै कंघी फेरना। तू बालकों ने क-ख-ग सिखावेगा या बस मिड-डे मील के दलिये की खुशबू सुंघा के घर भेज देगा? मास्टर घमंडी लाल ने चश्मा ठीक किया और दार्शनिक मुद्रा में बोले, ₹सुखबीर भाई, ये उत्सव है। इसमें छत का होना जरूरी नहीं, बल्कि 'विजन' का होना जरूरी है। आज हम शपथ लेंगे कि हर बच्चा 'ग्लोबल' बनेगा, चाहे उसे अपने गाँव का पिनकोड भी न पता हो। शिक्षा का मतलब अब दिमाग बढ़ाना नहीं, बल्कि फाइल बढ़ाना है। तभी वहां बिल्लू 'बेरोजगार' का आगमन हुआ, जिसने पिछले साल ही 'प्राचीन इतिहास' में गोल्ड मेडल जीता था और अब नवीन युग के 'समोसा तलने' की कला में विशेषज्ञता हासिल कर रहा था। बिल्लू के गले में उसकी डिग्रियों का वह पुलिंदा लटका था जो भारी तो बहुत था, पर उसकी कीमत रद्दी वाले की नजर में चार रुपये किलो से ज्यादा नहीं थी। बिल्लू ने मास्टर के पैर छुए और बोला, सर, आज अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस है, तो क्या मेरी इन डिग्रियों की 'एक्सपायरी डेट' कुछ बढ़ जाएगी? सुना है आज के दिन सरकार बुद्धि का बीमा करवाती है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 26 जनवरी 2026 सोमवार
सूर्योदय - 07:12 सूर्यास्त 18:06
माघ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - अष्टमी 21:19 उपरांत नवमी
नक्षत्र - अश्विनी 12:33 उपरांत भरणी
योग - साध्य 09:11 उपरांत शुभ 06:20 उपरांत शुक्ल
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मेष में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 06 तारिख

**मेष-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कुसंगति व जल्दबाजी से बचें। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा।

**वृषभ-** जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च की अधिकता से मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कर्क-** प्रवास में सावधानी रखें। विरोधियों एवं शत्रुओं के कारण अशांति होगी।

**सिंह-** नवीन कार्ययोजना की बातचीत में सफलता मिलने के संयोग बनेंगे। व्यापार, कारोबार में नई जवाबदारी बढ़ेगी।

**कन्या-** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**तुला-** व्यापार-व्यवसाय में गति आएगी। आर्थिक समस्याओं का निराकरण संभव है। धर्म में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु-** प्रमाद न करें। प्रसिद्ध व्यक्ति से मेलजोल बढ़ेगा। संतान की प्रगति से मन प्रसन्न रहेगा। रुका पैसा प्राप्त होगा।

**मकर-** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ-** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भौतिक सुख-साधनों की प्राप्ति होगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**मीन-** व्यापार में नई योजनाओं का श्रीगणेश संभव है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

**समसामयिक**

## जनता की भावनाऐं आहत ना हों, राजशाही ध्यान रखें !

देशभर में इस वर्ष 26 जनवरी 2026 को भारत अपना 77 वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। यह खास दिन हर भारतीय को गर्व का अनुभव करवाता है। इस खास दिन भारत ने अपना संविधान लागू किया था। देशभक्ति के जज्बे से भरपूर इस दिन को खास बनाने के लिए लोग एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस के बधाई संदेश भेजते हैं।



मदन वर्मा (माणिक)
(दैनिक अवन्तिका)

77 वां गणतंत्र दिवस की खुशी है मगर जन-जन की भावनाएं तो आहत है। संविधान के अनुरूप जनता की सरकार है, उसके द्वारा चुनी गई और उसी के लिए बनाई गई सरकार है। इतना सब कुछ तो जनता की भावनाओं को क्यों ठेस लग रही है। महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी सभी बेतहाशा बढ़ी हुई है। वही समस्याएं सामने है जो पहले थी, अब तो और ज्यादा बड़ी हो गई है। पक्ष विपक्ष की लडाई में व्यस्त सरकार जनता की मूल समस्याओं को हल नहीं कर पा रही है जनता इसलिए दुखी है। देश में बहुत बढ़ा वर्ग उपेक्षित है। आरक्षण कब अधिकार बन गया, कब तक चलेगा इसकी सीमा समय तय करने का साहस सैंकडों संशोधन संविधान में करने वाली सरकारों में कहां था, आगे भी यह साहस कोई सरकार नहीं दिखा पायेगी। जन गण मन को इसके अर्थ की वजह से राष्ट्रगान बनाया गया। इसके कुछ अंशों का अर्थ होता है कि भारत के नागरिक, भारत की जनता अपने मन से आपको भारत का भाग्य विधाता समझती है। हे अधिनायक (सुपरहीरो) तुम्ही भारत के भाग्य विधाता हो। इसके साथ ही इसमें देश के अलग- अलग राज्यों का जिक्र भी किया गया था और उनकी खूबियों के बारे में बताया गया था। प्रमुख कर्तव्य है हम सबका कि राष्ट्र की रक्षा और उत्थान में देश की सरकार व जनता सदैव तत्पर रहे, सभी में देश की सुंदरता को बढ़ाने, सीमाओं की रक्षा और देश की धरोहरों को अक्षुग्ण रखने, देश का सम्मान बढाने का भाव सदैव बना रहे। देश का भाग्य बनाने में सभी का योगदान रहे ताकि विश्व में भारत का गौरव बढे, सरकार को भी इसी उद्देश्य के अनुरूप कल्याणकारी कार्य करना चाहिए। म. प्र. सरकार ने अब अपराधियों, मिलावटखोरों, पत्थरबाजों और लवजिहाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने का कार्य शुरू कर दिया जो सराहनीय कदम हैं। इससे कानून पर जनता का विश्वास बढेगा। गुंडे, अपराधी कानून से डरेंगे । सरकार को भूमाफियाओं पर भी सख्त कार्रवाई करना चाहिए। इन सबके जो राजनीतिक संपर्क और सहारे-आसरे तथा बचाव के जरिए हैं उन्हें खत्म करना सरकार के लिए बड़ी चुनौती हैं । फिर भी जनता सरकार से उम्मीद करती हैं कि इन चुनौतियों का सामना करते हुए सरकार सख्ती के साथ बिचौलियों पर भी सख्त कार्रवाई करे। 77 वां गणतंत्र दिवस मनाते हुए देश व राज्यों की सरकारों से यही अपेक्षा हैं कि जनता की भावनाऐं आहत ना हों, राजशाही इसका विशेषरूप से ध्यान रखें।

### जलते हैं दिल के दिये, मेरे गणतंत्र के लिए !

जलते हैं दिल के दिये,
मेरे गणतंत्र के लिए,
प्यार छुपा है सारा,
तिरंगा सबसे न्यारा,
भारतवर्ष हमारा,
राष्ट्र ध्वज फहराये,
मस्तक गर्व से ऊंचा जाऐ
इसकी शान निराली,
देश में हो खुशहाली।
चलते हैं गणतंत्र के लिए
सब इकट्ठा हो जाऐं,
सुख शांति, खुशियों
के लिए दुख सारे भुलाएं,
मिलकर नाचे-गायें
खुशियों के गीत सुनाऐं,
मेरे गणतंत्र के लिए।

# समस्याओं से जूझता भारतीय गणतंत्रः 2026 की कठोर सच्चाई



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

दो हजार छब्बीस का गणतंत्र दिवस नजदीक आते ही देशभक्ति का उन्माद छा जाता है। राजपथ पर भव्य परेड, ड्रोन शो, सैन्य मिस्बाह प्रदर्शन-सब कुछ चकाचौंध। राष्ट्रपति का भाषण, प्रधानमंत्री का संदेश, स्कूलों में निबंध प्रतियोगिताएँ। लेकिन उत्सव के परदे के पीछे भारत का गणतंत्र बदहाली से जूझ रहा है। सत्तावन वर्षों बाद भी भ्रष्टाचार, हिंसा, बलात्कार, सांप्रदायिक नफरत जैसी बुराइयाँ समाज को खा रही हैं। विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका भारत आर्थिक चमक-दमक के साथ-साथ गरीबी, असमानता के अंधेरे में डूबा है। लोकतंत्र की आड़ में तानाशाही प्रवृत्तियाँ पनप रही हैं। युवा बेरोजगारी से त्रस्त, किसान आत्महत्या के आँकड़ों में शामिल हो रहे। महिला असुरक्षा चरम पर, न्याय व्यवस्था चरमरा गई। गणतंत्र दिवस अब चिंतन का अवसर बनना चाहिए-हम कहाँ गलत हो गए? क्या हमारा संविधान अब भी प्रासंगिक है, या समय के साथ अप्रासंगिक हो चला?

भारत का गणतंत्र उन्नीस सौ पचास में जन्मा था। डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान ने उच्च आदर्श स्थापित किए-समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व। लेकिन सत्तावन वर्ष बाद वास्तविकता कड़वी है। अर्थव्यवस्था विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी बताई जाती है, परंतु शीर्ष एक प्रतिशत अमीरों के पास पचासी प्रतिशत संपत्ति केंद्रित। सत्तर से अधिक अरबपति मिलकर राष्ट्रीय बजट से अधिक धन रखते हैं। बहुआयामी गरीबी इक्कीस प्रतिशत आबादी को लील रही। ग्रामीण भारत में छियालीस प्रतिशत परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित। शहरी झुग्गी-झोपड़ियाँ बढ़ रही, जबकि मेट्रो शहरों में लग्जरी टावर उभर रहे। यह असमानता सामाजिक विस्फोट का कारण बनी। महिला अनुपात नौ सौ बीस प्रति हजार, कुपोषण में पैंतीस प्रतिशत बच्चे स्टंटेड। एनएफएचएस-छह के आँकड़े चेतावनी हैं-पोषण रहित नस्लें भारत का भविष्य नहीं संवारी जा सकतीं।

भ्रष्टाचार इस गणतंत्र का कैंसर बन चुका। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के दो हजार पच्चीस सूचकांक में भारत पचासीवें स्थान पर लुढ़क गया। राजनीति से नौकरशाही, व्यापार से न्यायपालिका तक भ्रष्टाचार व्याप्त। दो हजार छब्बीस के चुनावों में चुनावी बॉन्ड घोटाले ने नया विवाद खड़ा किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के डीपफेक ने प्रचार को और जटिल बना दिया। कॉर्पोरेट धन ने पार्टियों को खरीद लिया। सड़क निर्माण से लेकर हवाई अड्डे तक हर ठेका कमीशन का शिकार। डीबीटी ने पाँच लाख करोड़ की बचत तो की, लेकिन आधार डेटा लीक, पैन कार्ड धोखाधड़ी ने नई समस्याएँ खड़ी कीं। निचले स्तर पर चपरासी से लेकर थाना प्रभारी तक रिश्वतखोरी आम। यह भ्रष्टाचार लोकतंत्र की जड़ें खोखला कर रहा।

राजनीति का अपराधीकरण गंभीर संकट। अठारहवीं लोकसभा में दो सौ पचास से अधिक सांसद आपराधिक मामलों से जूझ रहे। हत्या, अपहरण, बलात्कार के आरोपी विधायक बन रहे। धनबल-बाहुबल ने चुनाव प्रक्रिया विकृत कर दी। एक लाख करोड़ के अनुमानित चुनावी खर्च में चालीस प्रतिशत फंड का स्रोत अस्पष्ट। नकदी बंटवारे, शराब की नदियाँ, वोटर स्लिप के नाम पर खरीद-फरोख्त। जातिवाद ने राजनीति को जकड़ लिया। उत्तर प्रदेश में यादव-जाट, बिहार में कुर्मी-राजपूत, हर राज्य में जाति की राजनीति। सम्प्रदायवाद ने सांप्रदायिक दंगों को हवा दी। दो हजार पच्चीस में उत्तराखंड, मणिपुर में दंगे भड़के। सोशल मीडिया पर ध्रुवीकरण चरम पर-व्हाट्सएप फॉरवर्ड से लेकर ट्विटर ट्रेंड तक नफरत का जहर।

**गणतंत्र दिवस पर विशेष**

# हम भारत के लोग संविधान की प्रस्तावना आदर्श वाक्यांश



नरेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

गणतंत्र दिवस भारत देश के राष्ट्रीय महत्व का पर्व है। इस पर्व को भारत की पूर्ण आजादी का पर्व माना जाता है। गणतंत्र दिवस की महत्ता इसलिए भी बढ़ जाती है, की इस दिन भारत ने अपना संविधान लागू किया था।भारत का लिखित संविधान जिसे भारत की जनता ने अंगिकृत, अधिनियमित एवं आत्मार्पित किया था। भारत के संविधान की प्रस्तावना का पहला वाक्यांश ₹हम भारत के लोग₹ भारत के संविधान की शक्ति और संप्रभूता का स्त्रोत यदि कोई है तो वह है, भारत के नागरिक है। नागरिक समाज ही भारत का असली निर्माणकर्ता है। संविधान में वर्णित ₹हम भारत के लोग₹ भारत के करोडो नागरिको की सामूहिक चेतना है। भारत के संविधान की प्रस्तावना का यूँ तो एक-एक वाक्य अथाह और गहरे अर्थ लिए हुए है। भारत राष्ट्र के संविधान की प्रस्तावना को अनेको विद्वानों ने संविधान की कुंजी या सार, राजनैतिक कुंडली एवं परिचय-पत्र भी बताया है। विद्वान के एम मुंशी ने प्रस्तावना को भारतीय संविधान की राजनैतिक कुंडली बताया, पंडित ठाकुर दास भार्गव ने संविधान की आत्मा तो ब्रिटिश राजनितिक वैज्ञानिक सर अर्नेस्ट बार्कर ने प्रस्तावना को संविधान के मूल सिद्धांतो और दर्शन का निचोड़ माना है।

कुल मिलाकर भारतीय राष्ट्र के संविधान का आरम्भ जिस प्रस्तावना से होता है। उस प्रस्तावना का शब्द-शब्द गौरव की अनुभूति कराता है। भारतीय संविधान में उल्लेखित प्रस्तावना के यह सुंदर शब्द देखिये हम, भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी, पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रतात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को - सामाजिक, आर्थिक, और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए, तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 को एतत द्वारा इस संविधान को अंगिकृत, अधिनियमित, और आत्मार्पित करते है। दरअसल प्रस्तावना में उल्लेखित पदावली हम भारत के लोग ही भारत की असली ताकत है। भारत के नागरिक ही भारत के असली निमार्ता है। जनता ही संविधान का स्त्रोत है। भारतीय जनता ने ही अपनी संप्रभु इच्छा को इस संविधान के माध्यम से व्यक्त किया है। भारत की जनता की सामूहिक चेतना ने ही अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेंकने और स्वतंत्रता प्राप्ति में अहम भूमिका निभाई है।

अब जबकि भारत एक गणराज्य के रुप में अपना 77वा गणतंत्र दिवस बना रहा हो, तब यह सोचना लाजमी है की प्रस्तावना का मुख्य स्त्रोत भारत का नागरिक कहाँ खड़ा है। जमीन पर काम कर रहा सिस्टम नागरिक समाज के अधिकारों की रक्षा करने में कितना कारगर साबित हुआ है?

देश का आमआदमी ही वह लक्ष्य है, जिसकी बेहतरी और खुशहाली के लिए देश की संसद, कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका कार्यरत है, किंतु देखा जाता है की संविधान में बेहद ताकतवर और मजबूत दिखाई देने वाला यह आमनागरिक व्यवस्थाजनित दोषों के कारण उन बुनियादी सुविधाओं से वँचित है जिसका उसे संविधानिक अधिकार प्राप्त है। हम देखते है की सरकार और उसके नुमाइंदे जिनका काम नागरिक सुरक्षा के कामो को अंजाम देना होता है निजी हितो के कारण कुछ खास लोगो के हाथ की कठपुतली बन जाते है। भारत देश के प्रत्येक नागरिक को पानी, बिजली, आवास, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन तंत्र का दायित्व है, किंतु व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्ट्राचार ने आम आदमी के हक की सुविधाओं पर डाका ड़ालते हुए इसे दूर और देरी का कारण बना दिया है। आमआदमी को पेयजल की उपलब्धता के लिए केंद्र सरकार जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल योजना को 2024 तक अंजाम तक पहुंचना बता रही है, किंतु इस योजना की सच्चाई का दृश्य बड़वानी जिले के ग्रामीण अंचलो में देखने पर ज्ञात होता है की कहीं टंकी अब तक नही बनी, कहीं टंकी निर्माण में अनियमितता साफ दिखाई देती है तो अनेकों ग्राम में पाइप लाइन डालने में कोताही बरती जा रही है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2200-2990 चना काबली- 5191-8391, चना बड़ा- 46811-5530, बटला- 2812, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 2631-5841, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,62,200, रवा- 1,62,000 चांदी- टंच- 3,25,500 पाट- 3,25,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

आंचलिक पत्रकार संघ में नई नियुक्तियाँ

## जैन बने वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सेन को बनाया जिला कार्यकारिणी सदस्य




**महिदपुर रोड।** आंचलिक पत्रकार संघ में संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश टांक, प्रदेश प्रवक्ता रामचन्द्र गिरी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश गौड़ की सहमति से जिला अध्यक्ष सुनील जैन रामसना ने प्रकाश जैन (महिद पुर रोड) को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष तथा कमल सेन (झार्डा) को जिला कार्यकारिणी सदस्य के पद पर मनोनीत किया। पदाधिकारियों के मनोनयन पर दिनेश मंडोवरा, गोपाल उपाध्याय, डॉ रघुवीर सिंह राजपूत , शुभम जैनयोगेन्द्र सिंह शाक्य, शुभम जैन ,प्रकाश शर्मा, बसंत जैन, राहुल जायसवाल, बज रंग कुमावत, शंकरलाल माली, बंटी बैरागी आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## श्रीराम कथा में सुंदरकांड का भावपूर्ण वर्णन, श्रद्धालु हुए भावविभोर



**सुसनेर।** अयोध्या श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के पावन अवसर पर श्रीराम मंदिर धर्मशाला में आयोजित श्रीराम कथा के अंतर्गत शनिवार को कथा व्यास डॉ. सच्चिदानंद शर्मा ने सुंदरकांड का अत्यंत भावपूर्ण, रोचक एवं प्रेरणादायी वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने जामवंत द्वारा हनुमान जी को उनका पराक्रम स्मरण कराए जाने, हनुमान जी के समुद्र लांघकर लंका पहुँचने तथा रावण की विशाल काया, दस शीश और बीस भुजाओं के वर्णन को विस्तार से प्रस्तुत किया। कथा में अशोक वाटिका में माता सीता से हनुमान जी की भेंट, माता सीता की गोद में मुद्रिका अर्पण करने का प्रसंग तथा माता द्वारा हनुमान जी को पुत्रवत संबोधन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि माता सीता के दर्शन के उपरांत हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका उजाड़ना, अक्षय कुमार का वध, मेघनाद द्वारा ब्रह्मपाश में बाँधना तथा लंका दहन जैसे प्रसंगों के माध्यम से धर्म और अधर्म का संदेश दिया गया। डॉ. शर्मा ने विभीषण से हनुमान जी की मैत्री, विभीषण को राम कार्य करने का उपदेश तथा बाद में विभीषण द्वारा लंका त्यागकर भगवान श्रीराम की शरण में आने का प्रसंग भी विस्तार से सुनाया। उन्होंने कहा कि केवल राम नाम लेने से नहीं, बल्कि राम के कार्य करने से ही प्रभु की कृपा प्राप्त होती है। कथा व्यास ने अपने उद्बोधन में बताया कि जीवन में हर समस्या का समाधान संघर्ष ही नहीं, बल्कि मौन, संयम और भक्ति भी है। साधु-संतों का अपमान कभी नहीं करना चाहिए तथा मोह-माया से दूर रहकर राम नाम का स्मरण करना ही जीवन का सार है। कथा में माता सीता द्वारा हनुमान जी को अष्टसिद्धि-नवनिधि का आशीर्वाद एवं चूड़ामणि प्रदान करने का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कथा के अंत में हनुमान जी द्वारा माता सीता की खोज का समस्त वृत्तांत भगवान श्रीराम को सुनाना, राम सेना का युद्ध के लिए प्रस्थान तथा विभीषण का राम कृपा से अभय होना वर्णित किया गया। श्रीराम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिरस में सराबोर होकर कथा का आनंद लिया।

## प्रारूप-7 के माध्यम से नियम विरुद्ध थोकबंद आपत्तियों के विरोध में पत्र सौंपा

**महिदपुर।** प्रदेश में प्रारंभ किए गए SIR अभियान के अंतर्गत महिदपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से संबंधित गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। क्षेत्र के मतदाताओं के नाम नियम विरुद्ध प्रारूप-7 के माध्यम से कुछ व्यक्तियों द्वारा थोक रूप में आपत्तियाँ दर्ज किए जाने के कारण भ्रम व कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका व्यक्त की गई है। इसी संदर्भ में विधायक दिनेश जैन बोस के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार से भेंट कर विषय पर विस्तार से चर्चा की तथा मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समुचित कार्रवाई हेतु लिखित पत्र सौंपा। उधर निर्वाचन कार्यालय में वार्ड 16,17,18 के कुछ मतदाताओं के नाम काटने की आपत्ति प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों ने शपथ पत्र प्रस्तुत कर कहा की कुछ व्यक्तियों के कहने से आपत्ति प्रस्तुत की थी परंतु वस्तुस्थिति को जानकारी होने पर पता चला कि उन मतदाताओं के नाम सही है वे मौजूद है मैं अपनी आपत्ति वापस लेता हूँ। वार्ड क्रमांक 3 के बूथ क्रमांक 180,181 में कुछ मतदाताओं के नाम काटने की आपत्ति मेरे नाम से ली गई है जो मैने नही प्रस्तुत को है किसी व्यक्ति ने मेरे नाम का दुरुपयोग किया है इसलिए मेरे नाम से की गई आपत्ति निरस्त को जावे।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर में बसंत उत्सव मनाया

**महिदपुर।** श्री श्री 1008 स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज की सद प्रेरणा से निर्मित श्री राधा कृष्ण सत्संग भवन मंदिर का 50 वां स्थापना दिवस बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह भगवान श्री राधा कृष्ण का अभिषेक पूजन एवं हवन किया गया। पूणार्हुति के पश्चात महा आरती संपन्न हुई। इसके पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष नंदलाल सतीजा सहित सैकड़ों की संख्या में समाजजनो ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया।

## बाइक में वाहन की टक्कर से युवक की मौत:देवास से कन्नौद जा लौट रहा था

**देवास।** देवास-बरोठा मार्ग पर बरखेड़ा के समीप हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी घायल हो गया। मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। यह घटना शनिवार रात को हुई। कन्नौद निवासी भरत शर्मा अपने साथी नितिन पटेल के साथ बाइक से देवास से कन्नौद जा रहे थे। बरखेड़ा कोतापाई के पास उनके दोपहिया वाहन को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भरत शर्मा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि नितिन पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में नितिन पटेल का उपचार किया गया। रविवार सुबह भरत शर्मा का पोस्ट मार्टम किया गया और उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। भरत कन्नौद के रहने वाले थे और पत्रकारिता करते थे। पुलिस इस हादसे की जांच कर रही है कि यह कैसे हुआ।

राष्ट्रीय पर्व : उत्साह, उल्लास और राष्ट्रीय भक्ति के साथ आज मनेगा भारत का 77वाँ गणतंत्र दिवस

# संस्था प्रमुख संस्थाओं में फहराएंगे तिरंगा झंडा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



आज हर साल की तरह गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। हम लोग अपना 77वां गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाएंगे। पूरे सारंगपुर ब्लाक में इस दिन का इंतजार था। सरकारी और निजी कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में धूमधाम से तिरंगा फहराया जाएगा। दरअसल एक स्वतंत्र गणराज्य बनने और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसी को लेकर आज 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह, उल्लास और राष्ट्रीय भक्ति के साथ मनेगा।

### उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में होगा ब्लाक स्तरीय मुख्य कार्यक्रम

आज 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय मैदान सारंगपुर के प्रांगण में ध्वजारोहण मुख्य अतिथि जपं अध्यक्ष देवनारायण नागर के द्वारा नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल के विशेष आतिथ्य में ध्वजारोहण सुबह 9 बजे किया जाएगा। इसमें स्कूली बच्चें सहित नगर के गणमान्य नागरिक, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद रहेंगे।

### कार्यालय प्रमुख कार्यालयों में झंडा फहराएंगे

नगर पालिका सारंगपुर में नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। न्यायालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह, एसडीएम कार्यालय में एसडीएम रोहित बम्हौरे, एसडीओपी कार्यालय में एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसील में तहसीलदार आकाश शर्मा, जनपद पंचायत में अध्यक्ष देवनारायण नागर, थाना परिसर में थाना प्रभारी आकांक्षा शर्मा, मार्केटिंग सोसायटी में प्रबंधक रमेश गुर्जर झंडा फहराएंगे। लायंस क्लब में अध्यक्ष रुपेश जोशी, बस स्टैंड पर व्यापारी संघ अध्यक्ष प्रकाश परमार, ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, पीडब्ल्यूडी कार्यालय में पीके शर्मा, शास्त्री स्कूल में प्रबंधक पं रमेश जोशी, माडल स्कूल में प्राचार्य बबीता मिश्रा, मास्टर माइंड स्कूल संस्थापक किशोर सिंह पाटीदार, मौलाना आजाद मेमोरियल हायर सेकंडरी स्कूल में स्कूल प्रीसिडेंट अनवार एहमद लोदी एवं मुबारिक मंसूरी, उत्कृष्ट में प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय, बीआरसी कार्यालय में बीआरसी बीएल वर्मा एवं बीईओ कार्यालय में बीईओ सुरेश विरमाल, कृषि उपज मंडी में भारसाधक अधिकारी एसडीएम रोहित बम्हौरे, उपजेल सारंगपुर में जेलर विकास जैन, अम्बेडकर पार्क में अजाक्स के पूर्व अध्यक्ष गोकुल जाटव, गुलखेड़ी पंचायत में सरपंच भुली बाई मुकेश मालवीय, ग्वाड़ा पंचायत में सरपंच रामबाबू चौहान झंडा फहराएंगे। सभी जगह ग्राम पंचायत स्तर व अन्य कार्यालयो में तक झंडा फहराने के बाद राष्ट्रगान होगा। सभी शासकीय कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। कार्यालय प्रमुख अपने विभाग के अधिकारी, कर्मचारी कार्यालय भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा राष्ट्रगान का गायन करेंगे।

### गणतंत्र दिवस पर सार्वजनिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

गणतंत्र दिवस पर जनपद स्तर पर सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य समारोह होगा। गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड में स्थित मुख्य सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की ईमारतों में प्रकाश किया गया है।

### बोले जिम्मेदार

गणतंत्र दिवस पर्व पर सुरक्षा की दृष्टि से शहर में चाकचौबंध व्यवस्था पुलिस द्वारा की गई है। संदिग्ध व्यक्तियों पर हमारी नजर रहेगी। पुलिस टीम लगातार गश्त करेंगी। नागरिकों से अपील है कि किसी भी तरह की कोई अवैध गतिविधि होती नजर आए तो हमें तत्काल अवगत कराए।

**अरविंद सिंह, एसडीओपी, सारंगपुर।**

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम राज्य शासन द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुरुप आयोजित किए जाएंगे। उत्कृष्ट मैदान परिसर सारंगपुर में गणतंत्र दिवस पर्व का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

**रोहित बम्हौरे, एसडीएम, सारंगपुर।**

### स्कूली विद्यार्थियों में पर्व को लेकर उत्साह

राष्ट्रीय पर्व को लेकर शासकीय एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में उत्साह है। इसको लेकर स्थानीय शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर स्कूल में छात्राओं में एक दिन पहले रविवार को राष्ट्रीय पर्व को लेकर उत्साह दिखाई नजर आ रहा है। संचालक अतुल जोशी ने बताया कि छात्राओं ने पर्व के एक दिन पहले तैयारियां करते हुए अपने चेहरे में तिरंगे की आकृति को ऊंकेरते हुए राष्ट्रीय भक्ति का परिचय दिया। सोमवार को अनेको राष्ट्रीय भक्ति से जुड़े अनेको कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## बसंत पंचमी के पावन अवसर पर दो दिवसीय फ्यूजन फिएस्टा का भव्य आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर




महिदपुर नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान एमपीएस ग्रुप द्वारा अपने भीमाखेड़ा कैंपस में दो दिवसीय सांस्कृतिक एवं रचनात्मक महोत्सव फ्यूजन फिएस्टा का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में एमपीएस ग्रुप की तीनों शाखाओं – एमपीएस एकेडमी, महिदपुर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल एवं एमपीएस प्री-स्कूल का सुंदर संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ 23 जनवरी, बसंत पंचमी के पावन अवसर पर, विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इसके पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, उमंग एवं आत्मविश्वास के साथ सहभागिता की।

पहले दिवस पुष्प रंगोली, टर्बन ड्रेपिंग, धोती ड्रेपिंग, साड़ी ड्रेपिंग, मेहंदी मेकिंग, नेल आर्ट एवं हेयर-स्टाइल प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों में बच्चों ने अपनी सृजनशीलता, कल्पनाशक्ति एवं कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों से यह स्पष्ट हुआ कि आज की युवा पीढ़ी आधुनिकता के साथ-साथ भारतीय संस्कृति से भी गहराई से जुड़ी हुई है।

द्वितीय दिवस 24 जनवरी को कार्यक्रम की शुरूआत फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता से हुई, जिसमें 3 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों ने अपने नन्हें हाथों से स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन तैयार कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इसके पश्चात आयोजित 1-मिनट प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अत्यंत आनंद और चंचलता के साथ भाग लिया – किसी ने बालों में स्ट्रॉ सजाए, तो किसी ने हाथों में चूड़ियां पहनी, किसी ने शिक्षक का माला पहनाकर बहुमान किया तो किसी ने अपने गुरुजनों की परिक्रमा कर प्रणाम किया।

दूसरे दिवस के अंत में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया और अपने सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति एवं बौद्धिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता अत्यंत सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई।

## संत रविदास जयंती समारोह की तैयारी पर बैठक

**सारंगपुर।** ब्लाक स्तरीय संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संत रविदास समिति एवं मंदिर समिति पदाधिकारियों की बैठक रविवार को मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 1 फरवरी को संत रविदास जयंती समारोह के सफल आयोजन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समारोह को भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल हो सकें। चर्चा के मुख्य बिंदुओं में समारोह की रूपरेखा, कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, जनभागीदारी बढाने के उपाय और आयोजन समिति के दायित्व शामिल थे। समाज के विभिन्ना वर्गों से सहयोग लेने पर भी विचार किया गया। इस बैठक में कई स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। सभी उपस्थित सदस्यों से एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में रविदास जयंती आयोजन समिति अध्यक्ष कांहा अहिरवार, समाज अध्यक्ष दरियावसिंह, उपाध्यक्ष विक्रमसिंह, सचिव पटवारी केएल फुलेरिया, युवा समाजसेवी जीतू फुलेरिया आदि उपस्थित रहे। सचिव पटवारी फुलेरिया ने कहा कि गुरु रविदास ने अपने जीवन से समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का मार्ग दिखाया।

# हमें किसी जाति या संप्रदाय से नहीं हिंदू होने पर गर्व होना चाहिए





दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

रतलाम जिले के ग्राम कसारी में विराट हिंदू सम्मेलन के आयोजन का शुभारंभ श्री नाग देवता के मंदिर से विशाल कलश यात्रा एवं शोभायात्रा से प्रारंभ हुआ शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से होती हुई सरस्वती शिशु मंदिर पहुंची जहां पर उपस्थित संतों एवं अतिथि ने भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विशाल हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ किया इसमें सरस्वती शिशु मंदिर कसारी के भैया बहनों ने पर्यावरण संरक्षण धरती करे पुकार एवं सामाजिक समरसता पर सबरी हमारे रास्ता निहारे आएंगे रामजी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी ।

संतोष शर्मा एवं भजन मंडली ने भजन प्रस्तुत किया। सम्मेलन में कसारी मिनावदा कोलू खेड़ी शेरपुर भैसोला गुरुखेड़ी करौंदी ग्रामों के धर्म प्रेमी माताओं बंधुओ ने उपस्थित होकर हजारों की संख्या में बालिकाओं एवं महिलाओं ने कलश यात्रा एवं शोभायात्रा में उत्साह पूर्वक भाग लिया विराट हिंदू सम्मेलन के मुख्य वक्ता तेजराम मांगरोदा विभाग संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रतलाम में अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू समाज में एकता सहयोग एवं समर्पण की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है जिसका जीवंत उदाहरण प्रभु श्री राम जिन्होंने माता शबरी के झूठे बेर स्वीकार कर समा ज को समानता और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया आपने संघ के स्थापना से 100 वर्ष पूर्ण होने तक का इतिहास एवं महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में वर्णन किया। आपने कहा कि हमें किसी जाति या संप्रदाय से नहीं हिंदू होने पर गर्व होना चाहिये हिंदू हिंदू एक रहे भेद भाव को नहीं सहे। समारोह की विशिष्ट अतिथि श्रीमती नवनीत चौरसिया जावरा राष्ट्र सेविका समिति ने संबोधन में कहा कि हिंदू हिंदू एक रहे। अपने संघ के पांच कार्यों का विस्तार से वर्णन किया। समारोह के मुख्य अतिथि महंत प्रकाश नाथ करवा खेड़ी ने आशी वचन में कहा कि अब हिंदू जाग रहा है हमारे देश फिर बनेगा सोने की चिड़िया भारत पर कई बार प्रहार हुए इसे बर्बाद करने का षड्यंत्र रचा गया परंतु धर्म संस्कृति अध्यात्म के कारण हमारा देश फिर से उन्नति कर सका।। अपने हिंदू समाज की एकता देश और दुनिया में शांति प्रकृति मातृशक्ति का सम्मान और हिंदुत्व के ऐतिहासिक यात्रा के बारे में जानकारी दी उन्होंने संघ के स्वयंसेवकों की सेवाओं का भी उल्लेख किया। विराट हिंदू सम्मेलन के शुभारंभ में संत श्री हरिदास श्री सीताराम महाराज अतिथि एवं वक्ताओं का तथा जिला सह कार्यवाह विभाग विनोद पाटीदार डॉ प्रभु चौधरी शांतिलाल शर्मा लाल सिंह चौहान सभी अतिथियों का पुष्पमाला एवं शाल ओढ़ाकर कर किया। कसारी मंडल के हिंदू समाज के सभी का सहयोग प्राप्त हुआ ।सम्मेलन का संचालन खंड कार्यवाह नरेंद्र चौधरी हिम्मत सिंह चौहान एवं अर्जुन सिंह हाडा ने किया सम्मेलन में समापन हनुमान चालीसा एवं भारत माता की आरती के साथ हुआ इस सम्मेलन में सभी समाज के महिला पुरुष बच्चे उपस्थित रहे।

## राष्ट्र के प्रति समर्पित महापुरुषों के सम्मान का भी खुला अपमान

**मक्सी।** विराट हिंदू सम्मेलन आयोजन के दूसरे दिन एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई, जिससे नगरवासियों में रोष व्याप्त हो गया। सम्मेलन स्थल एवं आसपास लगाए गए महापुरुषों के फोटो कुछ जिहादी शरारती तत्वों द्वारा ब्लेड से फाड़ दिए गए। यह कृत्य न केवल सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुँचाने वाला है, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पित महापुरुषों के सम्मान का भी खुला अपमान है। घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता एवं नगरवासी मौके पर एकत्रित हो गए और इस कृत्य की कड़ी निंदा की। लोगों ने इसे समाज में वैमनस्य फैलाने की साजिश बताते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। सम्मेलन आयोजकों ने कहा कि विराट हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य समरसता, एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व इस तरह की हरकतों से माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से दोषियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। वहीं पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और आश्वासन दिया है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की गई है।

## श्री शर्मा की माताजी का निधन



**महिदपुर रोड।** मध्य प्रदेश पंचायत सचिव महासंघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा की पूज्य माताजी जगन्नाथ शर्मा की धर्मपत्नी भंवरबाई शर्मा का रविवार को निधन हो गया निज निवास पेटलावद से दिन में निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाज जनों तथा ग्रामीण उपस्थित रहे मुखाग्नि पुत्र बाबूलाल शांतिलाल रमेशचंद्र ईश्वरलाल शर्मा तथा उनके पौत्र विनोद राजेश लखन नितेश महेश राम गोपाल संदीप ऋषिकांत ओम प्रकाश सुनिल घनश्याम शर्मा ने संयुक्त रूप से दी।

## देव छठ पर देवधणी के दर्शन करने पहुंचे भक्त भगवान का किया आकर्षक श्रृंगार



**कानड़।** नगर से 3 किलोमीटर दूर देव सागर तालाब के समीप स्थित आस्था के केंद्र प्राचीन श्री देवधणी दरबार धाम देवनारायण भगवान के मंदिर पर देव छठ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ऊंची पहाड़ी पर स्थित देवनारायण मन्दिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी देवछठ पर शनिवार को देवधणी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में नगर व आसपास के श्रद्धालु देवमहराज के दर्शन हेतु पहुंचे। भगवान देवनारायण मदिर की आकर्षक साज सज्जा की गई थी। दोपहर 2:15 पर महाआरती पण्डाजी द्वारा की गई,आरती करीबन आधे घंटे तक चलती है आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। प्राकृतिक सौंदर्य और पहाड़ियों के ऊपर स्थित देवमहराज का मंदिर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भी आस्था का केंद्र है। दूरदराज से लोग अपनी मन्नत लेकर देव महाराज के दर्शन करने के लिए आते हैं ।प्रत्येक शनिवार को यहां बड़ी संख्या में भक्त देव महाराज के दर्शन करने व आरती में शामिल होने आते हैं। देवछठ पर समीपस्थ ग्राम नानूखेड़ी एवं शिवगड़ रोड़ स्थित देव डूंगरी पर भी देवनारायण महाराज भगवान का मन्दिर है जहां आकर्षण श्रृंगार कर आरती की गई। नगर में स्थित बजरंग मोहल्ला व गायरीसेरी में स्थित देव महाराज भगवान के मन्दिर पर आकर्षक श्रृंगार किया गया और दोपहर में महाआरती की गई।

राजोदा जेल चौराहा पर नीलगाय का आतंक

## हादसों के बाद कार्रवाई नहीं, युवा किसान संगठन द्वारा आंदोलन की चेतावनी




**देवास।** देवास जिले में नीलगाय द्वारा फसलों को हो रही क्षति और राजोदा जेल चौराहा पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के विरोध में युवा किसान संगठन ने रविवार को शांतिपूर्ण धरना दिया। यह आयोजन राजोदा रोड जेल चौराहा, देवास पर संपन्न हुआ। संगठन के अध्यक्ष रविंद्र चौधरी ने बताया कि जिले के किसान पहले से ही कर्ज और विपरीत परिस्थितियों में खेती करने को मजबूर हैं। नीलगाय के नियंत्रण के लिए कोई ठोस व्यवस्था न होने के कारण उनकी महीनों की मेहनत बर्बाद हो रही है। चौधरी ने आगे कहा कि राजोदा जेल चौराहा अब दुर्घटनाओं का केंद्र बन चुका है। इस चौराहे पर अब तक सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। युवा किसान संगठन ने प्रशासन से इन समस्याओं पर शीघ्र ठोस कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इन मुद्दों का निराकरण नहीं हुआ, तो आगामी दिनों में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अनवर पटेल (ANAWAR PATEL) पिता अजीम जी (AJEEM JEE)** जाति मुस्लमान निवासी ग्राम-जांदला तह. बड़नगर जिला उज्जैन। पूर्व में मेरा नाम **अनवर (ANAWAR) पिता अजीम जी (AJEEM JEE)** था। चूंकि अब मेरा नाम **अनवर पटेल (ANAWAR PATEL) पिता अजीम जी (AJEEM JEE)** हो चुका है। अतः मेरे सभी कागजों में वर्तमान में यही नाम लिखा हुआ है। अब मुझे मेरे सही नाम **अनवर पटेल (ANAWAR PATEL)** के नाम से जाना जायें।

**अनवर पटेल पिता अजीम जी**
**निवासी ग्राम-जांदला तह. बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) 456771 मो. 9827562586**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **शेहजाद पटेल (SHEHAJAD PATEL) पति अनवर (ANAVAR)** जाति मुस्लमान निवासी ग्राम-जांदला तह. बड़नगर जिला उज्जैन। पूर्व में मेरा नाम **शेहजाद बी (SHEHAJAD BI) पति अनवर (ANAVAR)** था। चूंकि अब मेरा नाम **शेहजाद पटेल (SHEHAJAD PATEL) पति अनवर (ANAVAR)** हो चुका है। अतः मेरे सभी कागजों में वर्तमान में यही नाम लिखा हुआ है। अब मुझे मेरे सही नाम **शेहजाद पटेल (SHEHAJAD PATEL)** के नाम से जाना जायें।

**शेहजाद पटेल पति अनवर**
**निवासी ग्राम-जांदला तह. बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) 456771 मो. 9827562586**

न्यूज-कॉलम

## सेवानिवृत्त श्री गणेशचन्द्र शर्मा का निधन



**नीधच ।** शहर के हुडको कॉलोनी निवासी गणेशचन्द्र शर्मा सुपुत्र स्व. हरिशंकरजी शर्मा का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। श्री शर्मा हंसमुख, मिलन सार, धार्मिक एवं सामाजिक व्यक्तित्व के सौम्य व्यक्ति थे। वे नितांत शांत स्वभाव के थे। स्व शर्मा युवा समाज सेवी गिरीश शर्मा के पिताजी एवं तनिष्क (तमू) के दादाजी थे। श्री शर्मा ने नीमच मन्दसौर जिले में मलेरिया इंस्पेक्टर के रूप में सेवारत रहे ओर यही से सेवानिवृत्त हुए । शुक्रवार प्रातः हुडको कॉलोनी स्थित निवास से निकली उनकी अंतिम यात्रा में समाजजनों, रिश्तेदारों एवं मित्रों ने सम्मिलित होकर शोक सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा ने गणतंत्र दिवस की बधाई दी



**नीमच।** नगरपालिका परिषद, नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहरवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी से देश प्रेम की भावना से सरोबार होकर राष्ट्र के नवनिर्माण व नीमच शहर के चहुँमुखी विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया है। अपने बधाई संदेश में नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हमें देश के विभिन्न शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने व संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संदेश देता है। श्रीमती चौपड़ा ने कहा कि सभी नागरिक इस राष्ट्रीय पर्व पर प्रेम एवं भाई चारे के साथ देश एवं नगर की तरक्की तथा विकास का संकल्प लेकर मजबूत एवं अखण्ड भारत का निर्माण करने में सहभागी बने।

## सीएमओ श्रीमती बामनिया करेगी ध्वजारोहण

**नीमच।** नगरपालिका परिषद, नीमच द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम के तहत बंगला नं. 60 स्थित पुरानी नगरपालिका भवन पर 26 जनवरी को प्रातः 7.30 बजे नगरपालिका परिषद, नीमच की मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया द्वारा नपा स्टॉफ की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जावेगा। उक्त जानकारी कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा ने दी।

## नपा सीएमओ श्रीमती बामनिया ने दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

**नीमच!** नगरपालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी से प्रेम एवं भाईचारे के साथ यह पर्व मनाने एवं शहर विकास मैं सहयोगी बनने का अनुरोध किया है!

## नपा उपाध्यक्ष श्रीमती परमाल ने दी गणतंत्र दिवस की बधाई

**नीमच।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगरपालिका परिषद, नीमच की उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल ने शहरवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी से देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का आह्वान करते हुए सभी के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## देवनारायणजी के जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

**रतलाम।** भगवान देवनारायणजी के जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा प्रातः 10 बजे त्रिपोलिया गेट से प्रारंभ हुई, जिसमें समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। यात्रा में भगवान देवनारायणजी की आकर्षक सजीव झांकी, ढोल-नगाड़े, पारंपरिक वेशभूषा में समाज के युवक-युवतियां शामिल रहे, जिससे मार्ग भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 7771090777, 7773077762

# देश की नीतियों को तय करने में मतदाता की अहम भूमिका-कलेक्टर

## 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। निर्वाचन आयोग का ध्येय वाक्य वोट जैसा कुछ भी नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम, निर्धारित किया गया है। रतलाम जिले के आर्ट एंड साइंस कॉलेज में आज 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉक्टर लीला जोशी ने कहा कि वोट लोकतंत्र की ताकत है, नए युवा जागरूक मतदाता बन कर देश के विकास मे अपनी भूमिका का निर्वहन करे, जागरूकता संबंधी गतिविधियों में निरंतर बनाए रखी जाना चाहिए। पूर्व की तुलना में वोट का प्रतिशत बढ़ा है, किंतु अभी और कार्य करने की आवश्यकता है, पहले की तुलना में वोटिंग करना आसान हुआ है। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस ऐसा पर्व है जिसके माध्यम से देश की दशा और दिशा तय होती है।

वोट के माध्यम से ही मतदाता देश की नीतियां तय करता है। सरकारी नीतियों के प्रति सहमति और असहमति व्यक्त करने का सशक्त माध्यम वोट ही है। कलेक्टर ने कहा कि मतदान संबंधी जागरूकता गतिविधियों के लिए स्कूल और कॉलेज में यंग वोटर्स क्लब बनाए गए हैं।

उन्होंने एस आई आर के कार्य में भूमिका निभाने के लिए एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव सहित जिले के निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों सहित बी एल ओ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने कहा कि मतदान अधिकार है और नागरिकों की शक्ति है, इसलिए मतदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम मे युवा मतदाता नारायण बैरागी और पार्थ गुप्ता को फॉर्म नंबर 6 अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने वर्चुअल माध्यम से ऑनलाइन उद्बोधन दिया जिसे सभी के द्वारा देखा और सुना गया। कार्यक्रम मे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मिशा सिंह ने सभी को संकल्प कराया कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। कार्यक्रम के दौरान एडीएम डॉक्टर शालिनी श्रीवास्तव, नगर निगम आयुक्त श्री अनिल भाना, रतलाम शहर एसडीएम आर्ची हरित, एडिशनल एसपी श्री राकेश खाखा, कॉलेज के प्राचार्य डॉ वाय के मिश्रा, तहसीलदार श्री ऋषभ ठाकुर, उपसंचालक सामाजिक न्याय श्रीमती संध्या शर्मा, स्कूल शिक्षा विभाग से श्री जितेंद्र जोशी, पी एच ई से श्री आनंद व्यास, तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ पदाधिकारी श्री शरद शुक्ला सहित बड़ी संख्या में आमजन विद्यार्थी एवं अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष दशोत्तर ने किया तथा अंत में आभार तहसीलदार श्री ऋषभ ठाकुर ने माना।



## बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर, विवाह रुकवाया

**रतलाम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि विगत २४ जनवरी को दूरभाष के माध्यम से दीनदयाल नगर क्षेत्र में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त हुई। शिकायत की जांच हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्चना माहौर अपनी टीम एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। जांच के दौरान बालिका के जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर उसकी आयु 16 वर्ष 11 माह पाई गई। मौके पर बालिका के माता-पिता को समझाइश दी गई कि बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही किया जाए। समझाइश के उपरांत माता-पिता द्वारा सहमति व्यक्त की गई तथा उनके लिखित कथन भी लिए गए। माता-पिता को पुनः निर्देशित किया गया कि वे कानून का पालन करते हुए बालिका का विवाह निर्धारित आयु पूर्ण होने के पश्चात ही करें।

## नपा कार्यालय व शहीद स्मारक पर नपाध्यक्ष चौपड़ा करेंगी ध्वजारोहण

**नीमच।** नगरपालिका परिषद, नीमच द्वारा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जावेगा। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद, नीमच द्वारा प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी 26 जनवरी पर नगरपालिका कार्यालय परिसर एवं शहीद स्मारक, ज्ञान मंदिर पर ध्वजा रोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। गणतंत्र दिवस पर आयोजित ध्वजारोहण समारोह के तहत नगरपालिका परिषद, नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा द्वारा २६ जनवरी को प्रातः 8 बजे नगरपालिका कार्यालय परिसर में समस्त पार्षदगणों, गणमान्य नागरिकों व नपा स्टॉफ की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जावेगा। तत्पश्चात नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा द्वारा 8.15 बजे गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शहीद स्मारक, ज्ञान मंदिर पर ध्वजारोहण किया जावेगा।

## कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे

**रतलाम।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर रतलाम में मुख्य समारोह पोलो ग्राउंड पर आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चैतन्य काश्यप ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का आगमन प्रातः 8.58 बजे होगा । प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी , राष्ट्रगान होगा,9.05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा, 9.10 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। मुख्य समारोह में मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा शासकीय विभागों द्वारा झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री काश्यप द्वारा जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, झांकी एवं परेड दल को मंच से पुरस्कृत/सम्मानित किया जाएगा।

## निगम भवन पर महापौर प्रहलाद पटेल करेंगे ध्वजारोहण

**रतलाम।** आज गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर निगम भवन पर प्रातः 7.30 बजे महापौर प्रहलाद पटेल ध्वजारोहण करेंगे।निगम भवन पर प्रातः 7.30 पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम मे निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, निगम आयुक्त अनिल भाना, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप कुमार गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामूभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी के अलावा पार्षदगण सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

# कायस्थ समाज नीमच ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

शहर के कायस्थ समाज ने विश्व विभूति नेताजी सुभाष चंद्र जी बोस की जयंती पर माल्यार्पण कर उनके जीवन वृत के साथ उनके विचारों और देश सेवा पथ के कार्यों को याद किया ।

कायस्थ समाज अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार सक्सेना ने नेता जी के जन्मदिवस पर कहा कि देश के सच्चे देश भक्त के रूप में नेता जी ने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर देश की स्वतन्त्रता में बड़ी आहुति दी । हमें गर्व है समाज के कई सारे महापुरुषों ने देश सेवा की मिसाल दी युवाओं को उनसे सीख लेना चाहिए । संरक्षक ब्रजेश सक्सेना ने कहा नेता जी ने नारा दिया तुम मुझे खून दो में तुम्हे आजादी दूंगा इससे देश में युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ इससे हजारों लोग देश की स्वतन्त्रता के लिए सड़कों पर आगए उनका नारा जय हिंद देश में आज तक बोला जाता है । संरक्षक अजय भटनागर ने सुभाष चंद्र बोस को युवाओं द्वारा पढ़ा जाना चाहिए उनके जीवन और आत्मबल से किए कार्य विश्व पटल पर अंकित है। कायस्थ महिला मंडल श्रीमती कृष्णा निगम ने उनके देश के प्रति कार्य और हिंद की सेना पर अपनी बात कहीं । जगमोहन श्रीवास्तव ने कहा आज नेता जी जन्मोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है उनकी देश भक्ति को नमन ।

सांस्कृतिक सचिव दीपक राय गौड़ ने हम गौरवान्वित है कि नेता जी ने माता और पिता दोनों की इच्छा का मान रखा उनके पिता जी चाहते थे वे सिविल सर्विसेज में सेवाएं दें और माता चाहती थी कि वे देश की स्वतंत्रता में हिस्सा लें । सलाहकार प्रकाश गौड़ ने कहा वे शेरों के शेर थे उनके कार्यों को हमेशा याद किया जाता रहेगा ।

सचिव नितिन सक्सेना ने कहा महात्मा गांधी जी ने सुभाष चंद्र जी बोस को नेताजी का संबोधन दिया और यह कम लोग जानते हैं नेता जी ने महात्मा गांधी जी को राष्ट्र पिता का नाम दिया ।

श्रीमती सुमन श्रीवास्तव ने कहा नेता जी ने महिला फौज की स्थापना भी की थी उनकी यह महिला विंग की बहादुरी भी याद की जाती है । सहसचिव और कार्यक्रम संयोजक आलोक श्रीवास्तव ने एक शेर के माध्यम से अपनी बात कही और आभार माना "दुनिया में मिल जायेंगे आशिक कई पर वतन से हसीं सनम नहीं होता। हीरो में सिमटकर सोने से लिपटकर मरते है कई पर तिरंगे से खूबसूरत कफन नहीं होता ।"

कार्यक्रम का संचालन मार्गदर्शक राजेश जौहरी ने किया और कहा वे प्रथम व्यक्तित्व रहे जिन्हें नेता जी का नाम मिला । इस अवसर पर कायस्थ महिला मंडल सचिव श्रीमति प्रीति सक्सेना, श्रीमती कीर्ति श्रीवास्तव, सलाहकार बसंत गौड़, संजय भटनागर, दिलीप निगम, मनीष श्रीवास्तव, वीरेंद्र गौड़ आदि उपस्थित रहे । उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव पंकज श्रीवास्तव ने दी ।

## गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा का फायनल मुकाबला व पुरस्कार वितरण समारोह आज

**नीमच।** नगरपालिका परिषद, नीमच द्वारा नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में जिला फुटबाल संघ के सहयोग से आयोजित गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा का फायनल मुकाबला 26 जनवरी को दोपहर 3 बजे अहीर युनिवर्सल व ए. यूनियन के बीच होगा एवं स्पर्धा का समापन फायनल मुकाबले के पश्चात पुरूस्कार वितरण के साथ होगा। फायनल मैच व पुरूस्कार वितरण समारोह में अतिथि के रूप में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन पाटीदार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल, समाजसेवी श्री संतोष चौपड़ा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री तरुण बाहेती, पूर्व विधायक श्री नंदकिशोर पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष श्री रघुराजसिंह चौरड़िया, पूर्व नपा उपाध्यक्ष श्री महेंद्र भटनागर, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीहेमंत हरित,सांसद प्रतिनिधि श्री आदित्य मालू, वरिष्ठ पत्रकार श्री सुरेन्द्र सेठी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए नगरपालिका, नीमच के कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैया लाल शर्मा व डीएफए सचिव श्री प्रमोद शर्मा ने समस्त पार्षदगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण व फुटबाल प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का अनुरोध किया है।

# संत रविदास जयंती के जिला स्तरीय आयोजन को लेकर अहम बैठक सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

जिला स्तरीय संत शिरोमणि रविदास जी महाराज जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर आज कलेक्ट्रेट स्थित गुलाब चक्कर पर समाज के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से जन्मोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

निर्णय अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत रविदास चौक, रतलाम में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की महाआरती से होगी, जो समाज प्रमुखों द्वारा की जाएगी। इसके पश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा अंबेडकर सर्किल से प्रारंभ होकर कालिका माता प्रांगण में समापन होगी।

कालिका माता प्रांगण में संत रविदास जी महाराज के जीवन, कृतित्व एवं विचारों पर आधारित चिंतन सभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में पुनः महाआरती के पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

**इन गणमान्यजनों की रही उपस्थिति**

बैठक में समाज के अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण चौहान ने की। प्रमुख रूप से उद्योगपति लक्ष्मी नारायण सोलंकी, अमृत बन्नी, रविदास समाज जिला अध्यक्ष प्रभु सोलंकी, जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष शंकरलाल कटारिया, अजाक्स के कार्यकारी अध्यक्ष अंबाराम बोस, महासचिव हरिराम जाटव, जगदीश चंद्र सूर्यवंशी, राधेश्याम सोलंकी, मांगीलाल चौहान, पंकज चौहान, चंपालाल सोलंकी, शैलेंद्र परमार, भरत लिंबोदिया, राकेश जडगामा, हरिओम सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित सभी समाजजनों ने संत रविदास जी महाराज के जन्मोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

## पिता की डांट से नाराज होकर 15 वर्षीय नाबालिग लड़के ने आत्महत्या कर ली

**रतलाम।** नूरी नगर इलाके में पिता की डांट से नाराज होकर 15 वर्षीय नाबालिग लड़के ने आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार रात सालाखेड़ी चौकी क्षेत्र की है। नाबालिग ने घर के सामने खड़े पिता के ऑटो रिक्शा में ही रस्सी से फांसी लगा ली। मृतक की पहचान मेहमूद (15) पिता अहमद शाह के रूप में हुई है। शनिवार रात करीब 7.30 बजे उसका शव घर के बाहर खाली प्लॉट में खड़े ऑटो रिक्शा के पास संदिग्ध हालात में मिला। पड़ोसियों ने उसे बेसुध हालत में देखा तो हड़कंप मच गया। उन्होंने तुरंत घर में मौजूद मां को सूचना दी।

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन
डोनीपोलो उद्योग प्रा.लि.
रेल्वे स्लीपर कांक्रीट फेक्ट्री ढाबला रोड, शामगढ़
---- शुभेच्छु -----
प्रहलाद राय चमड़िया,
विनय कुमार चमड़िया

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सीएमओ नगर पंचायत
सरवानिया महाराज
जिला-नीमच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सीएमओ नगर पंचायत
जावद जिला-नीमच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
संजय राठौर सीएमओ
नगर पंचायत नयागांव
जिला-नीमच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सीएमओ नगर पंचायत
जीरन
जिला-नीमच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रविश कादरी
वन मंडल अधिकारी,
वन विभाग मनासा - नीमच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
:: मेसर्स ::
चेतक इटरप्राइजेज
यू बी इंफ्रा, नीमच





## भगवान श्री देवनारायण के जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन किया गया

**कायथा ।** भगवान विष्णु के अवतार लोक देवता श्री देवनारायण का 1114 वां जन्मोत्सव माघ शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि शनिवार को श्रद्धां भक्ति के साथ धुमधाम से मनाया गया इस अवसर पर देवनारायण के विभिन्न मंदिरों मे भजन संध्या ओर भंडारे आयोजित किए गए जिसमे भक्तजन बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्मिलित हुए रविवार को ग्राम होशियारी मे भगवान देवनारायण का जन्मोत्सव बड़ी धुमधाम से मनाया गाँव के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा ढोल ढमाको बेंड बाजे के साथ भजन कीर्तन करते हुए निकाली गई देवनारायण की आरती पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें कायथा, भेरुपुरा, साबुखेडी, मल्लुपूरा, आसपास के गाँव के भक्तजन बड़ी संख्या मे सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण कर गोरक्षक श्री देवनारायण के दर्शन किए।

## गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस अलर्ट



**शुजालपुर।** गणतंत्र दिवस पर्व क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया जाएगा, 26 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियां जोरों पर है और रिहर्सल भी जारी है। इस राष्ट्रीय पर्व की सूरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस भी अलर्ट है। सिटी थाना क्षेत्र में पचोर रोड पर पुलिस ने चेकिंग पाइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग की। साथ ही सार्वजनिक स्थलों होटल, ढाबे व अन्य स्थानों पर भी चेकिंग की जा रही है। वाहन चेकिंग के दौरान उप निरीक्षक इनिम टोप्पो, प्रधान आरक्षक जितेंद्र राठौर, प्रधान आरक्षक सुनील पटेल, रामबाबू सिसोदिया, आरक्षक रामेश्वर दांगी, आरक्षक सतीश मेवाड़ा उपस्थित रहे।






































OMAXE
Turning dreams into reality

OMAXE प्रथम

77TH
REPUBLIC DAY
SPECIAL



# OMAXE PRATHAM

## 77TH REPUBLIC DAY | 77 GIFTS ON PLOT BOOKING*

strategic location | future growth | high value

Limited Period Offer | T&C Apply*




38 YEARS OF TRUST
8 STATES | 31 CITIES


RERA NO. P-IND-24-5105

**Indore Zonal Office:** FF-58, Orbit Mall, A.B. Road, Indore (M.P.)
**Ujjain Regional Office:** 2nd Floor, Shivansh Business Park, Opposite Ashrey Hotel, Dewas Road, Freeganj Ujjain (M.P.)
**Ratlam Regional Office**: Plot No. 25/3 (Fakhry Heights), 1st Floor, Mhow Road, Ratlam (M.P.)

8302 222 333 | WWW.OMAXE.COM

**Disclaimer.** This advertising material or information hereof on this project or any product (unit) of the company is solely for informational purposes and the viewer has not relied on this information for making any booking/purchase any plot of the Company and fully understands and agrees that the information(s) the project/projects (unit) may undergo such changes or updates as may be required. Accordingly, all this shall not constitute as advertising, marketing, booking, selling or an offer for sale or invitation to purchase a unit in any project by the Company. The Company or any officer shall not be liable for any consequence of any action taken by the viewer relying on such material/information. The viewer is advised to seek information on the project/projects before booking of any product from the company office/website **www.omaxe.com,** MPRERA **office/website https://rera.mp.gov.in**

# कार्यालय नगर परिषद महूगांव



प्रशासक
नगर परिषद
महूगांव

नवीन तिवारी
अध्यक्ष
नगर परिषद महूगांव

समस्त करों का भुगतान समय पर करें
जल अमूल्य है इस व्यर्थ न बहायें।
पर्यावरण सुधार के लिए वृक्षारोपण करें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
0000000000000000
नगर परिषद महूगांव



लक्ष्मी नारायण पंवार
उपाध्यक्ष
नगर परिषद महूगांव

एवं समस्त कर्मचारीगण व पार्षदगण नगर परिषद, महूंगांव

डॉ.रविन्द्र सिंह चौहान
MBBS, DMRD
Radiologist & Sonologist
Reg. No. : MP-6398

MRI 1.5 Tesla

समय: सुबह 8 से रात 9 बजे, रविवार- सुबह 10 से 4 बजे

इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध

सभी प्रकार की सोनोग्राफी, एक्स रे और पैथोलॉजी टेस्ट उपलब्ध

चौहान डायग्नोस्टिक सेन्टर
51, पलासिया रोड, बिल्डर मेमोरियल चर्च के सामने, रेडक्रॉस हॉस्पिटल के पास, महू (म.प्र.)
फोन : 07324 - 490013, मो.: 7089087337
email: chouhandiagnostic@gmail.com

आपके लड़कों के उज्जवल भविष्य, बेहतर शिक्षा, शिष्टाचार, संस्कृति, अनुशासन व उनके सपनों को ऊंची उड़ान देने के लिए हमने शुरू किया है...

Affiliation code : 532656

एक आदर्श विद्यालय भारत के भविष्य के लिए
Shree श्री एकेडमी
ACADEMY

Ply Group to 12th PCM, (COMM.+IP), (COMM.+MATHS). ARTS

सर्वे नं. 268, न्यू कोदरिया चौरड़िया मार्ग, कोदरिया, महू मो. 9826714193, 8319534073

www.shreeacademymhow.com
E-mail:shreeacademymhow@gmail.com


डाक पंजीयन क्र.एम.पी./इ.मो.म./90/2024-2026
RNI No. MPHIN/2001/07521


क्षितिज की ओर बढ़ते कदम...
डिज़ायर एकेडमी
(शैक्षणिक वर्ग में महू का एकमात्र विश्वसनीय विद्यालय)

मध्यप्रदेश के टॉप 10 में शुमार

2026-27
ADMISSION
OPEN

शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद पर भी विशेष ध्यान और रचनात्मक सामाजिक गतिविधियों का आयोजन

पता- 187, भगोरा रोड, न्यू गुराड़िया, महू, 99774 07700, 99260 85992

आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र 26 JANUARY दिवस
की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएँ।

नये सत्र में प्रवेश प्रारंभ
नर्सरी से 12वीं कक्षा तक
सत्र 2026-27
सशक्तिकरण
न्यूनतम शुल्क
स्पोर्ट्स कोटे के लिए 30% की छूट

विशेष योग्यताएं
- सह-शिक्षा सेटअप
- अनुभवी शिक्षक
- सहायक शिक्षण वातावरण
- पुस्तकालय
- कैरियर मार्गदर्शन
- कौशल दिवस
- विशाल खेल का मैदान
- बस सेवा उपलब्ध है
- आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं

यशवन्त ग्रुप ऑफ स्कूल
यशवंत पब्लिक स्कूल
CBSE Affiliation No.1030627
M. 96441 06062
यशवंत पब्लिक हाय सेकेंडरी स्कूल
MPBSE Affiliation No. 532417
M. 96694 44858
यशवंत प्रिपेरेटरी स्कूल
Affiliation No. 26464
M. 62610 43955

साउथ शांति नगर, महूगाँव-महू

# गणतंत्र दिवस
माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर हैं।
स्वतंत्रता अनमोल धन है, इसका सदैव रक्षण करना चाहिए।।



सन् 1946 से
मंगरीलाल
ज्वैलर्स

ग्राम पंचायत भगोरा की ओर से
सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सरपंच प्रतिनिधि
सुरेश वर्मा जी
ग्राम पंचायत - भगोरा
सरपंच
लक्ष्मी सुरेश वर्मा जी
ग्राम पंचायत - भगोरा

ग्राम पंचायत आम्बाचंदन की ओर से
सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सचिव
मनोज पाटीदार
ग्राम पंचायत - आम्बाचंदन
सरपंच
उमा जितेन्द्र पाटीदार
ग्राम पंचायत - आम्बाचंदन

आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएँ
सरपंच
रवि पाटीदार
ग्राम पंचायत - गवली पलासिया

ग्राम पंचायत कोदरिया की ओर से
सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सचिव
दयाशंकर आर्य
ग्राम पंचायत - कोदरिया
सरपंच
सतीश डाबर
ग्राम पंचायत - कोदरिया

ग्राम पंचायत गुजरखेड़ा की ओर से
सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सरपंच
रानी लाखन
ग्राम पंचायत - गुजरखेड़ा
सरपंच प्रतिनिधि
मनीष लाखन
ग्राम पंचायत - गुजरखेड़ा

सभी नगरवासीयों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
उमरिया ग्राम पंचायत, महू
संजय जी उइके

स्वच्छता ही सेवा

# आम सूचना

छावनी परिषद महू
स्वच्छ सर्वेक्षण

शहर के सम्मानित नागरिकों से अपील है कि वे शहर को स्वच्छ बनाने में छावनी परिषद् को सहयोग प्रदान कर अपना अमूल्य योगदान देवें।

1. छावनी परिषद् की पाईप लाईन से प्राप्त जल को कुछ मिनट के बाद ही पीने के उपलयोग में लेवें।
2. पेयजल को छानकर व अच्छे से उबालकर ही पीने में उपयोग करें।
3. गदे पानी अथवा उचित मानक वाला पानी प्राप्त ना होने पर तत्काल उसकी सूचना छावनी परिषद कार्यालय में देवें।
4. अपने घरों व आसपास पानी को एकत्र ना होने देवें, कचरे को खुले में ना फेकें, निर्धारित कचरा वाहन में ही डालें।
5. बाहर की खुली खाद्य सामाग्री व कटे-फटे फलों को खाने में उपयोग में ना करें।
6) खुले में शौच ना जायें। शौच करने के बाद हाथों को अच्छे से धोवें।
7) सड़को अथवा घर के बाहर कचरा न फेकें। नालियों में कचरा न डालें।
8) अपने घर के आसपास की रिक्त पड़ी भूमि पर वृक्ष लगावें एवं उसे बड़ा करने का संकल्प लेकर महू छावनी को स्वच्छ छावनी हरित छावनी बनाये रखने में अपना योगदान देवें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छावनी परिषद्, महू


स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com